# राशि भविष्यफल 2021

**डॉ.घनश्याम ठाकुर**

# मेष राशिफल 2021

2021 में गुरु का गोचर कर्म भाव में गोचर करेगा परिणामस्वरूप व्यावसायिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी साथ ही भविष्य में अच्छा फल प्राप्त करने के लिए पूरा प्रयास करेंगे। जनवरी से नवंबर के मध्य अवश्य ही कोई लंबी यात्रा कर सकते हैं। आप स्वभाव से क्रोधी है अतः अपने क्रोध को संभाल कर रखे। भाई-बन्धु और अपने पडोसी के साथ वाद-विवाद से बचें। विदेश यात्रा का विचार आप के मन में आएगा और आप इसके लिए योजना बनाना शुरू कर देंगे।

रुके हुए या बिगड़े हुए कार्य को पूरा करने में मित्रो की सहायता से लाभ मिलेगा। संतान के शिक्षा या स्वास्थ्य के ऊपर आपको खर्च करना पड़ेगा। संतान का स्वास्थ्य खराब हो सकता है जिससे आप परेशान हो सकता हैं। सोच-समझकर कोई निर्णय लें । आय के स्रोत बढ़ेंगे। अपने सुख-सुबिधा का उपभोग के लिए आप अतिरिक्त खर्च करेंगे।

वर्ष 2021 में आप अपने कार्य को लेकर ज्यादा भागदौड़ बना रहेगा। मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। इस वर्ष धन प्राप्त करने के लिए आपको बहुत मेहनत करना पड़ेगा।व्यवसाय में लाभ और उन्नति होगी। अप्रैल माह में वाहन की खरीद बिक्री कर सकते हैं। प्रेम को प्रेम ही समझे कुछ और नहीं। प्रेम सम्बन्ध का भरपूर आनंद उठाएंगे।

माता पिता का आशीर्वाद आपके व्यवसाय के लिए शुभ रहेगा। वर्ष के अंत तक नौकरी से भाग्योदय होगा। अपने स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखे। स्वस्थ्य जीवन जीने का आदत डाल लीजिये। माता-पिता का सहयोग मिलता रहेगा। आप अपने माता- पिता को धार्मिक यात्रा पर लेकर जा सकते है

पारिवारिक जीवन वर्ष 2021 में आप अपने पारिवारिक जीवन में खट्टे मीठे अनुभव करेंगे। जीवन साथी का पूर्ण सहयोग मिलेगा। परिवार के साथ किसी धार्मिक यात्रा पर जा सकते है। किसी भी परिस्थिति में अपने साथियों तथा भाई-बंधू के साथ बहसबाजी करने से बचे। संतान की कुछ गलत आदत आपको परेशानी में डाल सकता है खासकर लड़कियों के मामले में। संतान पक्ष से सोच समझकर कोई फैसला लेना ठीक रहेगा। नवम्बर से आपकी परेशानी कम होने लगेगी।

**नौकरी**

वर्ष 2021 में कर्म तथा एकादश (लाभ) भाव का स्वामी शनि ( Saturn ) कर्म स्थान स्थान में बैठा है। यह स्थान पिता तथा भाग्योदय भाव है अतः वर्ष के अंत में भग्योदय होने का विशेष योग बन रहा है। अपने कार्यों के प्रति लापरवाही न रखे । नौकरी में परिवर्तन तथा प्रोन्नति दोनों संभव है आप इसके लिए तैयार रहे। प्रमोशन के कारण आपका ट्रांसफर ( Transfer in service ) भी हो सकता है।

**व्यवसाय**

इस वर्ष व्यवसाय सामान्य रहने वाला है अपनी ऊर्जा को कम न  होने दे यदि करते है तो साल के अंतिम तीन-चार महीनों में आपको सफलता की शिखर को अवश्य प्राप्त करेंगे।  बहुत ज्यादा उम्मीद का पुलंदा न बांधे फिर भी अपने अथक मेहनत से सफलता अवश्य मिलेगी। इस वर्ष पुरे साल आपको बहुत परिश्रम करने की जरूरत होगी।

**आर्थिक स्थिति**

मेष राशि वाले जातक जनवरी माह में अनावश्यक ख़र्चों पर नियंत्रण रखें। इस माह में निवेश करने से बचना ही अच्छा रहेगा। इस वर्ष आपकी आर्थिक स्थिति में वृद्धि होगी।  यदि पैसे कही फसे है तो वह मिल सकता है इसलिए आपको पूरी कोशिश करनी चाहिए। शेयर बाजार में निवेश करने से पहले शेयर मार्किट का सर्वेक्षण कर ले तथा कुंडली के माध्यम से अपने अच्छे समय का चुनाव कर लें तो शुभ रहेगा।

सितम्बर से लेकर नवम्बर तक लॉटरी व सट्टेबाज़ी में धन हानि हो सकता है। कुबेर यंत्र धारण करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होगी। धनार्जन हेतु आपको कठोर परिश्रम करना पड़ेगा। बुद्धि-विवेक का इस्तेमाल करे आर्थिक मनोकामनाये पूर्ण होगी।

**शिक्षा**

छात्रों के लिए यह वर्ष सामान्य रहने वाला है। इस वर्ष आपको नई नई चुनौती का सामना करना पर सकता है। आपको बहुत ही मेहनत करने की जरूरत है। आपको अपनी पूरी ताकत के साथ प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी करे तभी रिजल्ट आने की उम्मीद रखे। विदेश शिक्षा    के लिए आवेदन कर सकते है।

**प्रेम-संबंध**

वर्ष 2021 में आपका प्रेम पल्लिवत-पुष्पित होगा। अपने रिश्ते को रोमांटिक रखने के लिए प्रेम में पारदर्शिता बनाये रखे। अपने अंदर अहंकार का टकराव नहीं आने दें। प्रेम में अहंकार को स्थान न देना ही बुद्धिमानी होगी। किसी के साथ नए प्रेम की भी शुरुआत हो सकती है, यह स्थान ऑफ़िस या कॉलेज कोई भी हो सकता है।  किसी भी प्रकार की बहसबाज़ी से बचे। विचारों को एक दूसरे पर थोपने की कोशिश न करें।  अपने धैर्य का परिचय दें और एक दुसरो की भावनाओं को समझें।

# वृषभ राशिफल 2021

के अनुसार वृषभ राशिवाले जातकों के लिए ये वर्ष आर्थिक तौर पर मिला जुला वर्ष रहने वाला है। वर्ष की शुरुआत में मंगल देव आपकी राशि के द्वादश भाव में विराजमान होंगे जिसके चलते आपको अपने ख़र्चों पर लगाम लगाने की ज़रूरत होगी। क्योंकि इस समय सम्भावना है कि आपके ख़र्चों में अचानक से वृद्धि हो।

आर्थिक जीवन

वृषभ राशिफल 2021 के अनुसार, आपका आर्थिक जीवन इस वर्ष आपको मिश्रित परिणाम देगा, क्योंकि वर्ष की शुरुआत में ही मंगल देव आपकी राशि से द्वादश भाव में विराजमान होंगे जिससे आपके ख़र्चों में वृद्धि होगी । इसके साथ ही जनवरी, सितंबर का अंत और नवंबर का समय प्रतिकूल रहने वाले हैं। इस दौरान आपको अपने हर तरह के लेन-देन को करते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी, अन्यथा नुकसान संभव है।

आपके लिए 6 अप्रैल से 15 सितंबर का समय अच्छा रहेगा, क्योंकि इस दौरान गुरु का गोचर आपके लिए शुभ प्रभाव लेकर आएगा जिससे आपके कई स्रोतों में वृद्धि होगी और उनसे आप लाभ अर्जित करने में भी सफल होंगे। शनिदेव इस वर्ष भर आपके नवम भाव में विराजमान रहेंगे, जिससे आर्थिक तंगी काफी हद तक आपको महसूस नहीं होगी। हालांकि बीच-बीच में दूसरे ग्रहों की दृष्टि आपके खर्चे बढ़ा सकती है।

यदि आप सरकारी कर्मचारी हैं तो, आपको इस वर्ष भाग्य का साथ मिलेगा और सरकार की तरफ से अगस्त से सितंबर के मध्य, आपको कोई घर या वाहन की प्राप्ति हो सकती है। विशेष रूप से जनवरी के शुरुआती 14 दिन, मई, जुलाई और फिर सितंबर महीने आपके लिए सबसे ज्यादा अनुकूल रहेंगे। इस दौरान भाग्य आपका साथ देगा, जिससे धन लाभ होने की संभावना बनेगी।

## अनुसार शिक्षा

वृषभ राशिफल 2021 के अनुसार, शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष छात्रों को थोड़े कम अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। हालांकि जनवरी के पहले हफ्ते के बाद से, अप्रैल के पहले हफ्ते तक का समय आपके लिए अच्छा रहेगा। क्योंकि इस दौरान बृहस्पति का गोचर आपके नवम भाव में होने से विद्यार्थियों को भाग्य का साथ मिलेगा, जिससे उन्हें सफलता मिलेगी। वहीं उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए भी, ये समय अच्छा रहेगा। शुरुआत से अप्रैल और फिर सितंबर के दौरान का समय आपके लिए कुछ समस्या आने के योग बनेंगे। इस दौरान आपका ध्यान भ्रमित होगा और संभावना है कि आपके दोस्तों के चलते आपको अपनी पढ़ाई में अवरोध महसूस हो।

यदि आपको अपनी परीक्षा के परिणाम का इंतजार था तो मई, जुलाई, अगस्त और सितंबर के माह में आपको सतर्क रहने की जरूरत होगी, क्योंकि ये समय थोड़ा आपके विपरीत जा सकता है। हालांकि शनिदेव आपको मेहनत का फल दिलाते हुए सफलता की प्राप्ति कराने का कार्य करेंगे। इसी के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए 6 सितंबर से 2 अक्टूबर और 22 अक्टूबर से 5 दिसंबर के दौरान भाग्य का साथ मिलेगा। विदेश जाने की सोच रहे विद्यार्थियों को भी सितंबर और अक्टूबर में शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

## पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन में वृषभ राशि के जातकों को वर्ष 2021 में, सामान्य से थोड़े कम अच्छे परिणाम हासिल होंगे क्योंकि आपको अपने पारिवारिक जीवन में शुरुआत में तनाव महसूस होगा। यह तनावपूर्ण स्थिति फरवरी तक चलेगी,

फिर अप्रैल से सितंबर के मध्य, आपके पारिवारिक सुख में किसी मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन हो सकता है क्योंकि इस दौरान गुरु बृहस्पति की दृष्टि आपकी राशि से चतुर्थ भाव में होगी, जिससे घर में किसी नन्हें मेहमान या नए सदस्य का आगमन संभव है। इस समय घर के सदस्यों के बीच भाईचारा एवं प्रेम बढ़ेगा और माता-पिता की सेहत में भी सुधार आएगा। वर्ष के अंतिम समय में आपको फिर से कुछ तनाव मिलेगा। साथ ही 2 जून से 6 सितंबर तक लाल ग्रह मंगल आपकी राशि से तीसरे भाव से प्रस्थान करते हुए, आपके चतुर्थ भाव में विराजमान हो जाएंगे, जिससे आपके मानसिक तनाव में वृद्धि होगी और संभव है कि परिवार के किसी सदस्य से आपका विवाद हो। इस समय आपको किसी कार्य के सिलसिले में घर वालों से दूर भी जाना पड़ सकता है।

## वैवाहिक जीवन एवं संतान

वृषभ राशि के जातकों को इस वर्ष अपने वैवाहिक जीवन में छाया ग्रह केतु के चलते कष्ट उठाना होगा, क्योंकि आपकी राशि से सप्तम भाव में केतु की उपस्थिति आपके शादीशुदा जीवन में बहुत सी समस्याओं के योग निर्माण करेगी। आपके जीवन साथी को मानसिक रूप से ठेस पहुंच सकती है।

चूँकि साल के मध्य में, 4 मई से 28 मई के बीच शुक्र का गोचर भी आपकी ही राशि में होने वाला है, इसलिए शुक्र आपके प्रथम भाव में विराजमान होते हुए आपकी राशि पर शुभ प्रभाव डालेंगे जिसके चलते आपके दंपत्ति जीवन में संतान को लाभ होगा। इस दौरान संतान तरक्की करेगी, साथ ही आप उनका सहयोग करते दिखाई देंगे लेकिन वैवाहिक जीवन में तनाव बरकरार रहेगा क्योंकि आप और आपका जीवन साथी अपने अहम को आगे रखते हुए खुद को सर्वप्रथम साबित करने के लिए जद्दोजहद करते दिखाई देंगे। 2021 राशिफल के अनुसार संतान पक्ष के लिए अप्रैल, अगस्त, सितंबर और नवंबर का महीना विशेष अच्छा रहेगा, क्योंकि गुरु बृहस्पति की शुभ दृष्टि आपकी संतान को उन्नति देने का कार्य करेगी। हालांकि मार्च से अप्रैल के पहले सप्ताह का समय संतान के लिए अनुकूल नहीं होगा।

### प्रेम जीवन

वृषभ राशिफल 2021 के अनुसार, प्रेम जीवन में इस वर्ष आपको सामान्य ही परिणाम प्राप्त होंगे, क्योंकि शुरुआत में गुरु बृहस्पति की दृष्टि आपके लिए अनुकूल रहेगी। जिससे अपने प्रेमी के साथ आप अच्छा समय बिताते नजर आएँगे। फलादेश 2021 के अनुसार मई और सितम्बर का महीना आपके प्रेम जीवन में सबसे ज्यादा बेहतरीन समय लेकर आएगा। आप दोनों इस दौरान एक-दूसरे के करीब आएँगे और आपका किसी रोमांटिक जगह पर जाने का भी प्लान बन सकता है। आपको प्रेम जीवन में मानसिक तनाव से भी दो-चार होना पड़ेगा। हालांकि इस दौरान आपका साथी आपके साथ खड़ा दिखाई देगा, और संभव है कि किसी तीसरे के चलते आप दोनों के बीच में कुछ ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न हों, जिसके चलते विवाद होगा।

## मिथुन राशिफल 2021

छात्रों के लिए सबसे ज्यादा अच्छा सितंबर का महीना रहेगा, क्योंकि इस समय आपको बृहस्पति की की असीम कृपा प्राप्त होगी, जिससे आपको भाग्य का साथ मिलेगा। पारिवारिक जीवन के लिए ये वर्ष बढ़िया रहेगा, क्योंकि घर में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से आपको ख़ुशी मिलेगी। घर में अतिथियों का आगमन भी परिवार में उत्साह का वातावरण लाने का कार्य करेगा। हालांकि सितंबर से अक्टूबर के मध्य पारिवारिक जीवन से आपको कुछ अशांति की अनुभूति होगी और आप इस समय न चाहते हुए भी कुछ ऐसे फैसले ले बैठेंगे, जिनकी वजह से बाद में पछतावा होगा। यदि आप शादीशुदा हैं तो साल की शुरुआत में सूर्य और बुध की युति आपके लिए अच्छी साबित होगी। लेकिन इस वर्ष आपके जीवनसाथी में अहंकार की अचानक से वृद्धि आपके रिश्ते में कड़वाहट घोलने का कार्य करेगी, जिससे आपका दांपत्य जीवन सबसे ज्यादा प्रभावित होगा। इसके अतिरिक्त मई और जून का महीना आपके लिए काफी बेहतर रहने वाला है। इस समय आपकी संतान उन्नति करेगी, जिसे देख आपको भी अच्छा लगेगा। इस वर्ष अष्टम भाव में शनि और बृहस्पति की युति, आपको स्वास्थ्य कष्ट होने के योग बना रही है। जिससे आपको रक्त संबंधित और वायु संबंधित परेशानी संभव है। साथ ही अत्यधिक वसा युक्त भोजन से होने वाली दिक्कतें, जैसे: नेत्र रोग, अनिद्रा, अपच, गैस, गठिया, आदि जैसी समस्याएं भी परेशान कर सकती हैं। इसलिए खुद का ध्यान रखना आपकी ही प्राथमिकता होगी।

## करियर

2021 भविष्यवाणी के अनुसार कार्य के प्रति आपकी मेहनत और लगन को देख आपके बॉस आपसे बहुत प्रभावित होंगे। यदि आप नौकरीपेशा है तो अप्रैल से सितंबर के बीच आपको सफलता मिल सकती है, क्योंकि इस समय आपको भाग्य का साथ मिलेगा, जिससे वरिष्ठ अधिकारी आपकी पदोन्नति के बारे में विचार कर सकते हैं। नौकरी पेशा जातकों के लिए सितंबर से

नवंबर का समय थोड़ा प्रतिकूल रहेगा, ऐसे में आपको इस समय विशेष सतर्कता बरतने की आवश्यकता होगी, अन्यथा परेशानी बढ़ सकती है।

व्यापारी जातकों के लिए खासतौर से यदि आप बिज़नेस पार्टनरशिप में करते हैं तो, आपको इस दौरान सावधानी बरतनी होगी क्योंकि साझेदार आपका फायदा उठाकर आपको हानि दे सकता है। परन्तु आप यदि इस वर्ष अपने लाइफ पार्टनर के साथ के नाम पर कोई भी व्यापार शुरू करना चाहते हैं तो, आपको वर्ष के मध्य में अपार सफलता मिलेगी।

## आर्थिक जीवन

मिथुन राशिफल 2021 के अनुसार, इस वर्ष आपका आर्थिक जीवन सामान्य ही रहेगा क्योंकि में गुरु बृहस्पति और शनि आपके अष्टम भाव में युति बनाएँगे। शनि साल भर इसी भाव में विराजमान रहेंगे, जिससे आपको धन हानि होने के योग बनेंगे। आपके लिए जनवरी के अंत से फरवरी, अप्रैल, मई और फिर सितंबर का महीना सबसे ज्यादा अनुकूल दिखाई दे रहे हैं क्योंकि इस दौरान ग्रह और नक्षत्र आपके पक्ष में नज़र आ रहे हैं। इस दौरान आप जितने भी प्रयास करेंगे, आपको अपार धन की प्राप्ति होगी और आपका आर्थिक जीवन भी मजबूत होगा। आर्थिक जीवन के लिए इस वर्ष आपकी राशि से द्वादश भाव में छाया ग्रह राहु की उपस्थिति आपके ख़र्चों में वृद्धि करेगी, जिस पर नियंत्रण रखना आपके लिए सर्वप्रथम होगा। अन्यथा आर्थिक तंगी बढ़ सकती है, जिसके चलते आपका निजी जीवन भी प्रभावित होगा। ऐसे में अपने ख़र्चों पर अंकुश लगाएँ।

## अनुसार शिक्षा

मिथुन राशिफल 2021 के अनुसार, शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष विद्यार्थियों को कई बदलाव नजर आएँगे। खासतौर से वो छात्र जो विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे हैं, उनके लिए यह वर्ष विशेष फलदायी साबित होगा।

राशिफल 2021 यह संकेत देता है कि उच्च शिक्षा ग्रहण कर रहे छात्रों के लिए भी अप्रैल से सितंबर तक का समय विशेष अच्छा रहेगा।

## पारिवारिक जीवन

मिथुन राशिफल 2021 के अनुसार, आपका पारिवारिक जीवन बेहद अनुकूल रहेगा। क्योंकि इस वर्ष आपको परिवार का भरपूर साथ मिल सकेगा। इस दौरान घर में मेहमानों का आगमन, घर-परिवार में सकारात्मक वातावरण बढ़ाने का कार्य करेगा। ग़ौरतलब है कि वर्ष के मध्य में परिवार से जुड़ी किसी बात के चलते आपको मानसिक परेशानी हो सकती है। यदि आप शादीशुदा हैं तो, आपके जीवनसाथी का आपकी माता से किसी कारणवश विवाद हो सकता है। ऐसे में इस दौरान आपको दोनों के बीच हस्तक्षेप करने से बचना चाहिए। 2021 का फलादेश यह बताता है कि आपके लिए जून का महीना कोई बेहद शुभ समाचार लेकर आएगा

## वैवाहिक जीवन एवं दांपत्य जीवन

यदि आप शादीशुदा हैं तो, वर्ष 2021 आपके वैवाहिक जीवन में कई परिवर्तन लेकर आने वाला है क्योंकि साल की शुरुआत में सूर्य और बुध देव आपके सप्तम भाव में विराजमान होंगे, जिसके चलते आपके और जीवन साथी के बीच प्रेम बढ़ेगा लेकिन इस दौरान जीवनसाथी में कुछ परिवर्तन भी आएँगे, जिसका प्रभाव आपके वैवाहिक जीवन पर पड़ सकता है। इसके बाद जून माह में भी आप दोनों का रिश्ता बेहतर होगा। इस समय आप दोनों हर विवाद को साथ मिलकर सुलझाने का प्रयास कर सकते हैं। संतान पक्ष की बात करें तो संतान पक्ष को मिले-जुले परिणाम मिलेंगे। उन्हें अप्रैल और अगस्त में अनुकूल फलों की प्राप्ति होगी।

## प्रेम जीवन

प्रेम राशिफल 2021 के अनुसार, मिथुन राशि के जातको को इस वर्ष अच्छे फल प्राप्त होंगे। क्योंकि इस वर्ष की शुरुआत में, जनवरी से फरवरी के मध्य आपका प्रेम विवाह होने के लिए योग प्रबल बनते दिखाई दे रहे हैं। आपके प्रेम जीवन में ख़ुशियाँ आएँगी और संभावना है कि आप दोनों एक-दूसरे के साथ अच्छा समय बताएं। वहीं कई प्रेमियों को इस समय कई परीक्षाओं

से भी गुजरना पड़ेगा। ऐसे में यदि आप अपने प्रेमी से प्यार करते हैं तो, आप इस परीक्षा में सफल होंगे। वहीं अगर आप प्रेमी को धोखा दे रहे हैं तो आपको विपरीत परिणाम हासिल होंगे।

इस वर्ष की शुरुआत में, मंगल की दृष्टि आपकी राशि के पंचम भाग में होने के कारण आपको कुछ अनुकूल परिणाम मिलेंगे, इसलिए व्यर्थ की बातों पर ध्यान ना देते हुए केवल अपने साथी पर भी ध्यान दें। इस दौरान समय-समय पर उनसे फोन पर बातें करते रहे। राशिफल 2021 के अनुसार आपके लिए जनवरी, मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई और सितंबर का महीना बेहद उत्तम रहेगा। इस दौरान आप अपने प्रेम जीवन से जुड़ा कोई बड़ा निर्णय भी ले सकते हैं।

# कर्क राशिफल 2021

करियर के क्षेत्र में इस वर्ष आपको मिले-जुले फल प्राप्त होंगे। शनि देव का आशीर्वाद आपको कार्यक्षेत्र में उपलब्धि व प्रगति देने का कार्य करेगा। ऐसे में लगातार मेहनत करते रहें और हर तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों से खुद को दूर रखें।आपको फरवरी से अप्रैल के दौरान अच्छे फल प्राप्त होंगे जिससे आप अपनी परीक्षा में और बेहतर करने में सफल होंगे। हालांकि इसके साथ ही पंचम भाव में स्थित केतु आपका ध्यान भटकाएगा, जिससे आपको विषयों को समझने में भी परेशानी हो सकती है। ऐसे में अपने लक्ष्य पर ही एकाग्रता रखते हुए केवल और केवल अपनी पढ़ाई पर ही ध्यान दें।

## करियर

यह साल आपके करियर के हिसाब से मिश्रित परिणाम लेकर आ रहा है क्योंकि साल की शुरुआत में लाल ग्रह मंगल आपकी राशि से दशम भाव में विराजमान होंगे, जिससे आपको कार्यक्षेत्र में उन्नति व प्रगति प्राप्त होगी। इस समय आप हर कार्य को सफलता पूर्वक कर पाएंगे। इसके साथ ही शनि देव आपकी राशि से सप्तम भाव में साल भर विराजमान रहेंगे, जिससे आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी। ऐसे में शनि की ये शुभ दृष्टि नौकरी पेशा जातकों को पदोन्नति देने में मददगार साबित होगी। विशेष रूप से इस वर्ष अप्रैल से सितंबर के मध्य तक का समय संभावना अधिक है कि ये विवाद किसी महिला सहकर्मी से हो, जिसका नकारात्मक असर आपकी छवि को खराब कर सकता है। ऐसे में अपने गुस्से पर काबू रखने की आपको जरूरत होगी। करियर के लिए सबसे अधिक जनवरी, फरवरी, मार्च और अप्रैल का महीना कर्क राशि के लोगों के लिए अच्छा रहने वाला है। कार्यक्षेत्र से संबंधित विदेश जाने का अवसर भी आपको अप्रैल के माह में प्राप्त होगा। व्यापारी वर्ग की बात करें तो व्यापारियों को शनि और गुरु देव की सप्तम भाव में उपस्थिति काफी अच्छे फल देगी। इस दौरान आपके व्यापार में वृद्धि होगी, साथ ही नए-नए स्रोतों से धन कमाने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही आप इस वर्ष कार्य व्यवसाय के अलावा सामाजिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे, जिससे आपके बिज़नेस में सुधार के साथ-साथ समाज में भी आपके मान सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। यदि आप कोई पूँजी निवेश करने का सोच रहे हैं तो, व्यापार के लिए ये अच्छा साबित होगा। हालांकि इस दौरान आपको अपनी मेहनत और प्रयास जारी रखने की जरूरत होगी। इसके लिए किसी भी शॉर्टकट को ना अपनाएं, अन्यथा परेशानी हो सकती है।

## आर्थिक जीवन

कर्क राशि के जातकों के आर्थिक जीवन की बात करें तो, उसके लिए यह वर्ष सामान्य से बेहद अच्छा रहेगा क्योंकि आपको कई ग्रहों की शुभ दृष्टि का शुभ प्रभाव प्राप्त होगा। हालांकि इसके बाद मार्च से मई के दौरान स्थितियों में कुछ परिवर्तन आएगा और विशेष रूप से सरकारी क्षेत्र से आपको धन लाभ हो सकता है। आर्थिक स्थिति बेहतर होने से आप अपना पुराना उधार

और बकाया बिल चुकाने में सफल होंगे। इस वर्ष के अगस्त महीने में आपको किसी स्रोत से अचानक से अच्छा आर्थिक लाभ होगा, जिसके चलते आप अपने धन को अधिक संचय करने पर विचार कर सकते हैं। जीवनसाथी को लेकर भी आपके कुछ खर्च होंगे, लेकिन बावजूद इसके आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। कुल मिलाकर देखें तो मार्च का महीना आपके लिए सबसे बेहतर रहेगा। इस दौरान आपका मुनाफ़ा सबसे अधिक दर्ज किया जाएगा।

## शिक्षा

शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष छात्रों को पहले से अधिक मेहनत करनी होगी क्योंकि यह वर्ष छात्रों के लिए बहुत उतार-चढ़ाव से भरा रहने वाला है। विद्यार्थियों को अच्छे फल प्राप्त होंगे। इस दौरान आपको अपनी मेहनत का फल मिलेगा और प्रतियोगी परीक्षा में सफलता प्राप्त करने में आप खुद को सक्षम महसूस करेंगे। इस समय भाग्य आपका साथ देगा और आपके शिक्षक भी आपका सहयोग करते नजर आएँगे। योग बन रहे हैं कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं विद्यार्थियों के लिए जनवरी और अगस्त का महीना सबसे अच्छा रहेगा। इस दौरान आपको हर परीक्षा में मेहनत अनुसार फल मिलेंगे, जिसके चलते लोग आपकी प्रशंसा करते नहीं थकेंगे।

हालांकि वर्ष भर आपकी राशि से पंचम भाव में केतु की उपस्थिति कई विद्यार्थियों के मन को भटकाने का कार्य करेगी। अप्रैल के पहले हफ्ते और फिर सितंबर से नवंबर का समय बेहद अच्छा रहेगा। इस दौरान आपको अधिक सफलता मिलेगी क्योंकि ग्रहों की स्थिति आपके लिए अच्छी रहेगी। विदेश जाकर पढ़ाई करने की सोच रहे विद्यार्थियों की बात करें तो उन्हें जनवरी की शुरुआत में और फिर मई से जुलाई के मध्य में किसी विदेशी कॉलेज या स्कूल में दाख़िला होने का शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है।

## पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन में इस साल बहुत सी चुनौतियाँ आने वाली हैं। इस वर्ष की शुरुआत आपके लिए अच्छी नहीं देखी जा रही है। इसके साथ ही आपकी राशि के सप्तम भाव में मौजूद शनि देव की दृष्टि आपके चतुर्थ भाव पर होगी, जिसके चलते आपको पारिवारिक सुख में कमी महसूस होगी। साथ ही परिवार का सहयोग प्राप्त करने में भी आपको परेशानी होगी, जिससे आपका निजी जीवन तनाव ग्रस्त रहेगा। आपके परिवार के सदस्य आपसे असंतुष्ट नजर आएँगे। हालांकि इसके लिए आप अपने प्रयास जारी रखेंगे, लेकिन निराशा ही हाथ लगने से मन विचलित रहेगा। हालांकि छोटे भाई-बहनों से आपके संबंध बेहतर होंगे। ऐसे में इसका फायदा उठाते हुए आप उनकी बातों को समझें और अपनी बातों को भी उन्हें समझाने का प्रयास करते रहें।

## वैवाहिक जीवन एवं संतान

कर्क राशि के विवाहित जातकों को इस वर्ष मिश्रित परिणाम प्राप्त होंगे, क्योंकि इस साल कई ग्रहों की बदलती हुई गोचरीय स्थिति आपके शादीशुदा जीवन में तनाव की उत्पत्ति करेगी। वहीं कुछ शुभ ग्रह, आपके दांपत्य जीवन में प्रेम बरसाने का कार्य भी करेंगे। क्रूर ग्रहों की दृष्टि के चलते आपके और जीवन साथी के रिश्ते में आकर्षण की कमी आएगी। इसके साथ ही आपके जीवन साथी का झुकाव भी आध्यात्मिकता की तरफ बढ़ेगा और इसका सीधा असर आपके वैवाहिक रिश्ते पर साफ दिखाई देगा, क्योंकि जिस वक्त आप अपने जीवन साथी से प्रेम भरी बातें करेंगे, वह धर्म-कर्म की बातें करके आपका दिल तोड़ सकता है। ऐसे में खुद को और अपने साथी को समय दें।

14 जनवरी से 12 फरवरी के मध्य में अपने शादीशुदा जीवन में कई बदलाव महसूस होंगे क्योंकि इस दौरान सूर्य देव का गोचर आपकी राशि से सप्तम भाव में शनि देव के साथ होगा, जिसके चलते आप दोनों में विवाद संभव है लेकिन बावजूद इसके, रिश्ते के प्रति आप दोनों की वफ़ादारी आपके रिश्ते की ढाल बनेगी और रिश्ते के हर तनाव और विवाद को दूर करने का कार्य करेगी। इसके बाद जनवरी के अंत में शुक्र देव का गोचर भी मकर राशि में होने से आपकी राशि पर इसका शुभ प्रभाव पड़ेगा, जिससे आप दोनों के इस रिश्ते में अपनापन और आकर्षण बढ़ेगा। आपके दांपत्य जीवन की बात करें तो, उसमें आपको अच्छे फल प्राप्त होंगे क्योंकि इस साल शनि और गुरु बृहस्पति आपकी राशि से सप्तम भाव में विराजमान होंगे, जिस वजह से आपको दांपत्य जीवन में भी मिले जुले परिणाम प्राप्त होंगे लेकिन केतु की उपस्थिति आपकी राशि के पंचम भाव में होने से संतान

को इस पूरे ही वर्ष छोटी-छोटी दिक्कतें देती रहेगी। परन्तु आप उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चलेंगे, जिससे आपकी संतान का आत्मविश्वास बढ़ेगा और वह पहले से और बेहतर करने में सफल होगी।

### जीवन

प्रेम में पड़े जातकों का जीवन इस वर्ष सामान्य से अच्छा रहने वाला है, क्योंकि कर्क राशिफल 2021 के अनुसार साल की शुरुआत से फरवरी तक आपको बेहद शुभ परिणाम हासिल होंगे। हालांकि इसके बाद से मध्य मार्च तक प्रेमियों को कुछ परेशानी हो सकती है। परंतु मार्च से अप्रैल के मध्य तक का समय आपके प्रेम जीवन के लिए उत्तम साबित होगा। इस अवधि में आप खुद को अपने प्रियतम के बहुत नज़दीक पाएंगे और अपने प्रेमी के साथ अपने दिल की हर बात साझा करने में सक्षम होंगे। ऐसे में आपको जरूरत होगी अपने साथी के साथ समय-समय पर हर विवाद और हर ग़लतफहमी को समय रहते सुलझाने की। कर्क राशि के प्रेमी जातकों के लिए मई, अगस्त और फिर सितंबर का महीना भी बहुत अच्छा रहने वाला है।

# सिंह राशिफल 2021

सिंह राशिफल 2021 , आपके करियर की बात करें तो उसके लिए वर्ष 2021 अच्छा रहने वाला है। आपको कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी, जिससे आपकी पदोन्नति संभव है लेकिन इसके साथ ऐसे भी योग बन रहे हैं कि किसी कारणवश आपका कार्य स्थल पर किसी कर्मी से कोई विवाद हो। 2021 यह बताता है कि यदि आप विद्यार्थी हैं तो आपको अपनी शिक्षा में सामान्य फल प्राप्त होंगे। इस दौरान आप जितनी मेहनत करेंगे, कर्मफल दाता शनि आपको उसके अनुसार ही फल प्रदान करेंगे। विदेश जाकर पढ़ाई करने की इच्छा रखने वाले छात्रों के साथ-साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को अभी इस वर्ष और मेहनत करने की ज़रूरत होगी।

शादीशुदा जातकों की बात करें तो आपके लिए ये समय अच्छा नहीं है, आपका जीवनसाथी के साथ विवाद हो सकता है। संभावना अधिक है कि किसी बड़ी ग़लतफ़हमी के चलते आप दोनों में कोई बड़ा झगड़ा उत्पन्न हो, जिसका बुरा असर आप दोनों के रिश्तों पर साफ़ दिखाई देगा। परन्तु दांपत्य जीवन के लिए समय भाग्यशाली रहने वाला है। स्वास्थ्य की दृष्टि से देखें तो ये वर्ष थोड़ा परेशान करेगा क्योंकि संभव है कि आपको वायु रोग, जोड़ों में दर्द, मधुमेह संबंधित समस्या, आदि विकार हो, जिसका सीधा असर आपके निजी और पेशेवर जीवन, दोनों पर देखने को मिलेगा।

## करियर

सिंह राशिफल 2021 के अनुसार, आपको इस वर्ष अपने करियर में अनुकूल फल मिलेंगे क्योंकि इस पूरे ही साल छाया ग्रह राहु आपके दशम भाव में विराजमान रहेंगे, जो आपको कार्यक्षेत्र में भरपूर सफलता देने का कार्य करेंगे। राहु की शुभ दृष्टि से आप अपने शत्रुओं पर हावी रहेंगे और साथ ही दूसरों को अपनी बातों से प्रभावित करने में सफल होंगे। इस दौरान आप में एक गजब सा आकर्षण देखने को मिलेगा, जिससे आप दूसरों से अपना काम निकलवाने में सफलता हासिल करेंगे। इस समय आपकी तरक्की और उन्नति के योग भी बनते हुए नजर आ रहे हैं लेकिन आपकी तरक्की से आपके विरोधी असहज महसूस करेंगे और संभावना है कि इस कारण आपके शत्रुओं की संख्या में इज़ाफा हो। परंतु अपनी मेहनत के चलते आप उन पर विजय पाने में सफल होंगे।

ग्रहों की चाल का इशारा है कि इस वर्ष की शुरुआत में मंगल देव भी आपकी कुंडली से नवम भाव में उपस्थित होंगे, जिसके चलते आपको भाग्य का साथ मिलेगा, और कार्यक्षेत्र में आप अपना बेहतर प्रदर्शन दे पाने में सफल होंगे। अप्रैल और मई के बीच में कुछ चुनौतियों से गुज़रना पड़ सकता है क्योंकि इस समय मंगल आपकी कुंडली के एकादश भाव में होंगे जिसके परिणामस्वरूप आपका अपने कार्य स्थल पर वरिष्ठ अधिकारियों से किसी बात को लेकर विवाद संभव है। इस दौरान आपके

लिए बेहतर होगा कि घर के बड़ों की समय-समय पर सलाह लेते रहें क्योंकि इस समय के दौरान ग्रहों का गोचर आपके लिए अनुकूल नहीं होगा।

## आर्थिक जीवन

सिंह राशि के जातकों के आर्थिक जीवन की बात करें तो, आपको अपने आर्थिक जीवन में मिश्रित परिणाम प्राप्त होंगे। यूँ तो ये वर्ष आर्थिक मामलों के लिए ठीक-ठाक रहने वाला है, लेकिन आपके ख़र्चों में वृद्धि होने से आपको आर्थिक तंगी से गुजरना भी पड़ सकता है। इस दौरान आपको इन स्रोतों से अपनी आमदनी को रफ्तार देने का और बेहतर प्रयत्न करने का अवसर मिलेगा।ग्रहों के गोचर के कारण अप्रैल में आर्थिक जीवन में कुछ तनाव देखा जाएगा, क्योंकि इस दौरान आप अपने दांपत्य जीवन में धन खर्च करेंगे। व्यापारी जातकों को भी आर्थिक नुकसान होने के योग बनते नजर आ रहे हैं। यदि आप कोई बड़ा निवेश करने का सोच रहे थे तो, आपको विशेष सावधानी बरतनी होगी अन्यथा कोई बड़ी हानि संभव है, जिसके चलते आपको स्वास्थ्य कष्ट भी मुमकिन होगा। इस दौरान आपको कोई भी नया व्यवसाय शुरू करने से परहेज करना चाहिए तथा पार्टनरशिप में बिज़नेस कर रहे जातकों को सहयोगी के साथ अपनी हर रणनीति साझा करने की आवश्यकता होगी क्योंकि सप्तम भाव के स्वामी छठे भाव में स्थित रहेंगे।

## शिक्षा

सिंह राशिफल 2021 के अनुसार शिक्षा में आपको वर्ष भर कई उठा-पटक का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि ग्रहों की गोचरीय स्थिति विद्यार्थियों छात्रों के जीवन में कई चुनौती लेकर आने वाली है। यदि आप प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं तो आपके लिए अप्रैल से सितंबर तक का समय विशेष प्रतिकूल रहेगा। इस दौरान आपको पहले से अधिक मेहनत करने की जरूरत होगी, अन्यथा आपको अच्छे फल नहीं प्राप्त होंगे। भविष्यफल 2021 कहता है कि आपके लिए जनवरी से अप्रैल तक का समय सबसे ज्यादा अनुकूल दिखाई दे रहा है। इसके बाद मई से अगस्त का समय थोड़ा अधिक सतर्क रहने वाला रहेगा, और फिर 15 सितंबर से 20 नवंबर तक छात्रों को फिर से अनुकूल फल प्राप्त होंगे यदि आप उच्च शिक्षा ग्रहण करने की सोच रहे हैं तो, आपको इसके लिए मेहनत अधिक करनी होगी क्योंकि इस दौरान शनि देव आपकी परीक्षा लेते हुए आप से अधिक मेहनत कराएँगे।

## पारिवारिक जीवन

सिंह राशिफल 2021 के अनुसार पारिवारिक जीवन में आपको पारिवारिक सुख की प्राप्ति होगी क्योंकि इस पूरे ही वर्ष केतु की आपकी राशि से चौथे भाव में उपस्थिति आपके लिए अच्छी देखी जा रही है। इसके साथ ही गुरु बृहस्पति की छठे भाव से दूसरे भाव पर पड़ रही थी दृष्टि आपकी राशि पर विशेष प्रभाव डालेगी जिसके चलते आपको इस वर्ष कभी पारिवारिक सुख प्राप्त होगा तो कभी आपको कुटुंब से कुछ छोटी-मोटी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। इस दौरान आपके मानसिक तनाव में वृद्धि होगी।

आपकी 2021 भविष्यवाणी यह है कि माता-पिता का स्वास्थ्य भी उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। शत्रु पक्ष हावी होने के लिए प्रयत्न करेंगे , वर्ष के अंत में यानि 5 दिसंबर के बाद आपकी माता का स्वास्थ्य खराब होने से परिवार में मायूसी भरा वातावरण देखने को मिलेगा। इस वर्ष आपको अपने परिवार के साथ समय बिताने की जरूरत होगी, अन्यथा आपके और परिवार के बीच दूरियाँ संभव हैं।

## जीवन एवं संतान

सिंह राशिफल 2021 के अनुसार सिंह राशि के जातकों को इस वर्ष की शुरुआत में दांपत्य जीवन में तनाव महसूस होगा लेकिन साल के मध्य में गुरु बृहस्पति की कृपा कुछ समस्याएं दूर करने का कार्य करेगी। बावजूद इसके, आपको तनाव महसूस होता

रहेगा। अप्रैल से सितंबर तक के समय में आपको विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। इस समय आपके और जीवन साथी के रिश्ते में तनाव देखते ही बनेगा, जिसका सीधा प्रभाव आपकी संतान पर भी पड़ सकता है ।

यदि आपके दांपत्य जीवन की बात करें तो उसके लिए ये वर्ष अच्छा रहेगा क्योंकि संतान अपने कार्य क्षेत्र में पहले से बेहतर करेंगी और हर सफलता व प्रगति हासिल करने में सफल होगी। इस समय आप भी उनके साथ खड़े और उनका आत्मबल बढ़ाते नज़र आएँगे। आपका और संतान का रिश्ता भी इस समय मजबूत होगा।

## प्रेम जीवन

सिंह राशिफल 2021 के अनुसार इस वर्ष आपको अपने प्रेम जीवन में कई अच्छे परिवर्तन देखने को मिलने वाले हैं। इस वर्ष प्रेम में पड़े जातकों को विशेष रूप से अप्रैल से सितंबर के मध्य कोई बड़ी सौगात मिल सकती है। इसका सकारात्मक प्रभाव नवंबर से दिसंबर के मध्य आप दोनों पर पड़ेगा। इस दौरान आप प्रेम विवाह में बंधने का फैसला ले सकते हैं।प्रेमी के साथ यात्रा करने का अवसर मिलेगा, जिस दौरान आप कोई बड़ा फैसला भी ले सकते हैं। विशेष रूप से गुरु बृहस्पति और शुक्र देव की शुभ दृष्टि आपके प्रेम जीवन को खुशी प्रदान करेगी। ऐसे में इस अच्छे समय को साथ मिलकर जीने की कोशिश करें।

# कन्या राशिफल 2021

कन्या राशिफल 2021 के अनुसार, कन्या राशि के जातकों को इस वर्ष पंचम भाव में मौजूद शनि कभी अच्छे फल देंगे, तो कभी अधिक मेहनत कराने वाले हैं, जिसके चलते आपके जीवन में कई बड़े बदलाव आएँगे। आपका करियर इस वर्ष उतार-चढ़ाव से भरपूर रहेगा, क्योंकि संभावना है कि शनि की दृष्टि से आपका मन कार्यक्षेत्र पर कम लगेगा।

### करियर

राशिफल 2021 के अनुसार, कन्या राशि के जातकों को इस वर्ष मिश्रित परिस्थितियों से दो-चार होना पड़ सकता है क्योंकि आपकी राशि के पंचम भाव में वर्ष भर शनि देव विराजमान होंगे, जिससे आपका मन कार्यक्षेत्र में नहीं लगेगा और संभावना है आप अप्रैल से सितंबर के मध्य अपनी नौकरी में कई विशेष बदलाव कर सकते हैं और आपका ये फैसला आपके जीवन के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। जो जातक नौकरीपेशा हैं, उन्हें सितंबर से नवंबर के बीच अपने वरिष्ठ अधिकारियों व अपने बॉस द्वारा सम्मान की प्राप्ति होगी। इस वर्ष जनवरी, मार्च और मई का महीना आपके करियर के लिए बेहद उत्तम रहने वाला है। ग्रहों की चाल आपके अनुकूल होने से इस दौरान आपको मनचाहा ट्रांसफर मिलने के योग बनेंगे, जिससे आपको धन लाभ भी होगा। हालांकि अप्रैल में आपको विशेष सावधानी बरतने की भी सलाह दी जाती है, क्योंकि इस समय संभावना है कि कार्यस्थल पर आपका अपनी किसी महिला सहकर्मी से विवाद हो, जिससे आपकी छवि को नुकसान पहुँचेगा।

### आर्थिक जीवन

आर्थिक जीवन में आपको इस वर्ष बहुत सी उठा-पटक से गुजरना पड़ सकता है। साल की शुरुआत आर्थिक तौर पर कमजोर रहेगी, लेकिन धीरे-धीरे भाग्य का साथ मिलता दिखाई देगा, जिससे स्थितियों में भी सुधार देखा जाएगा। वर्ष की शुरुआत में मंगल देव का गोचर आपकी राशि के अष्टम भाव में होने से, आपकी आमदनी में बढ़ोतरी का मार्ग सुनिश्चित हो सकेगा। इस कारण आपको कई गुप्त तरीकों से धन लाभ होगा। साथ ही राहु आपकी राशि से नवम भाव में विराजमान रहेंगे, जिसके चलते आपको अचानक धन लाभ होगा और आपकी आर्थिक स्थिति भी इस समय मजबूत नजर आएगी। हालांकि अप्रैल से सितंबर के दौरान आपके ख़र्चों में अचानक से वृद्धि दर्ज की जाएगी, लेकिन इस समय धन संबंधित मुनाफ़ा बरकरार रहने से ये आर्थिक तंगी नहीं महसूस होगी। इसके अतिरिक्त मई में भी आपको कई विदेशी स्रोतों से धन कमाने के मौके प्राप्त होंगे।

शिक्षा

कन्या राशि के जातकों को इस वर्ष शिक्षा के क्षेत्र में कुछ परेशानियां होने वाली है। ऐसे में आपको अपनी मेहनत पर ध्यान देने की अधिक आवश्यकता होगी, क्योंकि इस साल भर शनि आपकी राशि के पंचम भाव में उपस्थित रहेंगे, जिससे आपको अपनी मेहनत अनुसार परीक्षा में अंक प्राप्त होंगे। इस दौरान आप कम मेहनत के बाद भी अच्छे परिणाम हासिल कर सकेंगे। शैक्षिक भविष्यफल 2021 के अनुसार विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे छात्रों के लिए अगस्त का महीना विशेष अच्छा रहने वाला है। इसके अलावा मई का महीना भी छात्रों के लिए सबसे अच्छा रहेगा, आपको इस समय अपनी शिक्षा में सफलता के कई अवसर मिलेंगे। वहीं इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी के छात्रों को भी सफलता मिलने के योग बनते दिखाई दे रहे हैं।

## पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन के लिए सामान्य से थोड़ा कम अच्छा रहने वाला है क्योंकि वर्ष की शुरुआत में जहां आपको परिवार का साथ नहीं मिलेगा, वहीं वर्ष के मध्य भाग में भाई-बहन आपका सहयोग करते दिखाई देंगे। साल का अंत आपके लिए विशेष अच्छा रहेगा। अप्रैल से सितंबर के बीच ग्रहों की स्थिति अनुकूल ना होने से परिवार के किसी सदस्य से आपका झगड़ा हो सकता है, ऐसे में अपने गुस्से पर संयम रखते हुए अपनी छवि को सुधारने की ओर ध्यान दें। किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे घर का वातावरण अच्छा रहेगा। इस वर्ष जनवरी, फरवरी, मई, जून और जुलाई का महीना विशेष अच्छा रहेगा। इसके अलावा आपको पारिवारिक जीवन में परेशानी उठानी पड़ सकती हैं।

## वैवाहिक जीवन एवं संतान

वैवाहिक जीवन के लिए यह वर्ष सामान्य रहने वाला है। क्योंकि इस वर्ष आपके जीवन साथी को कार्यक्षेत्र में साल के शुरुआती तीन महीनों में और सितंबर से दिसंबर के मध्य कोई बड़ा लाभ मिलने के योग बनेंगे, जिससे आपकी पारिवारिक स्थिति बेहतर होगी। किसी कारणवश ससुराल पक्ष से विवाद होगा। ऐसे में विशेष रूप से फरवरी से अप्रैल के बीच अपने जीवनसाथी के परिवार वालों से बातचीत करते हुए विशेष सावधान रहें अन्यथा आपका वैवाहिक जीवन तनाव ग्रस्त हो सकता है। अगर आपकी संतान की बात करें तो आपके द्वारा संतान को दिए गए संस्कार आपको मान-सम्मान दिलाने का कार्य करेंगे। यदि संतान विदेश जाने की इच्छा रखती है तो, उन्हें विदेश जाने का अवसर मिल सकता है। दाम्पत्य जीवन के लिए जनवरी, फरवरी, मई, जुलाई और अगस्त का महीना सबसे यदि आपकी संतान विवाह योग्य है तो, इस वर्ष उनका विवाह होना भी संभव है।

## प्रेम जीवन

प्रेम में पड़े जातकों को इस वर्ष सामान्य से बेहतर परिणाम मिलेंगे। हालांकि साल भर आपको प्रेम जीवन में उतार-चढ़ाव भरी परिस्थितियों से भी गुजरना पड़ सकता है। आपको इस समय विशेष रूप से अपने प्रेमी के साथ किसी भी विवाद में नहीं पड़ना होगा, अन्यथा इसका असर प्रेम जीवन पर पड़ सकता है। जनवरी के अंत से फरवरी और फिर जून से जुलाई का महीना विशेष अनुकूल साबित होंगे। इसके साथ ही अक्टूबर से दिसंबर में आप अपने रिश्ते में गज़ब का आकर्षण महसूस करेंगे। इसके साथ ही जनवरी, मई और अक्टूबर के बीच आप दोनों के बीच का सम्बन्ध निखर कर आएगा, जो आपके रिश्ते को और मजबूती प्रदान करेगा। कुल मिलाकर कहें तो इस वर्ष आपको प्रेम जीवन में भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। जिससे आप अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने में सफल होंगे।

# तुला राशिफल 2021

तुला राशिफल 2021 के अनुसार ये वर्ष आपके लिए बहुत सारे बदलाव लेकर आने वाला है। जहाँ आपको इस वर्ष कई क्षेत्रों में सफलता मिलेगी, तो वहीं आपके जीवन में कई महत्वपूर्ण बदलाव भी इस समय आएँगे। अगर करियर राशिफल 2021 की बात करें तो तुला राशि के जातकों को इस वर्ष अच्छे फल प्राप्त होंगे।

छात्रों के लिए वर्ष 2021 विशेष लाभकारी सिद्ध होगा। विदेश जाने का अवसर मिलेगा और साथ ही उच्च शिक्षा में अच्छे अंक प्राप्त होंगे। पारिवारिक सुख में कुछ कमी देखी जाएगी, क्योंकि ग्रहों की दृष्टि आपके पारिवारिक जीवन को प्रभावित करते हुए आपको कुछ तनाव दे सकती है। हालांकि भाई-बहन के लिए ये समय अच्छा रहेगा, लेकिन माताजी को सेहत से

जुड़ी समस्या होने के योग बनेंगे। आपके प्रेम जीवन की बात करें तो प्रेम में पड़े जातकों को इस वर्ष अपने प्रेमी के साथ सुन्दर समय बिताने का मौका मिलेगा।  इस समय मर्यादित आचरण करने की सलाह दे रहा है। आप अपने प्रेमी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। प्रेम विवाह के लिए प्रेमी आपको इस वर्ष प्रस्ताव दे सकता है, ऐसे में अपनी नई पारी के लिए पहले से ही तैयार हो जाएं। स्वास्थ्य की बात करें तो उसके लिए समय चिंता पूर्ण रहने वाला है, ऐसे में अच्छा खान-पान और पूरी निद्रा लें।

# करियर

करियर में काफी अनुकूल फल लेकर आ रहा है, जिसके चलते कार्यक्षेत्र में आप अपना बेहतर प्रदर्शन दे पाने में सफल होंगे। राशिफल 2021 के अनुसार, विशेष रूप से जून से जुलाई के बीच में आपको शुभ फलों की प्राप्ति होगी, क्योंकि इस समय लाल ग्रह मंगल अपना गोचर करते हुए आपकी राशि से दशम भाव में विराजमान होंगे। इसके चलते कार्य क्षेत्र में आपको भाग्य का साथ मिलेगा। हालांकि ये लाल ग्रह आपके क्रोध में भी वृद्धि करेगा, जिससे कार्य स्थल पर आपका अपने सहकर्मियों या अपने बॉस से विवाद संभव है। शनि की दृष्टि भी मंगल के साथ आपकी राशि से दशम भाव में होगी, जिससे आपको साल भर मेहनत करनी होगी, तभी आपको फल अपने अनुसार प्राप्त होंगे।

इस वर्ष 6 अप्रैल को गुरु बृहस्पति का गोचर भी कुंभ राशि में होगा। इस दौरान गोचर का प्रभाव आपकी राशि पर भी पड़ेगा जिससे नौकरी बदलने की सोच रहे जातकों को सफलता मिलेगी। इस समय नौकरी पेशा जातकों का ट्रांसफर अपनी इच्छा अनुसार संभव है। हालांकि आपकी यह नौकरी पिछली नौकरी से काफी बेहतर सिद्ध होगी और इसका अनुकूल प्रभाव आपकी आर्थिक स्थिति को भी मजबूत करेगा। व्यापार राशिफल 2021 के मुताबिक यदि आप व्यापार से जुड़े हैं तो आपको इस पूरे ही वर्ष अपने कामों को सबसे अधिक प्राथमिकता देनी होगी। इस दौरान आपको सामाजिक सहयोग भी करना होगा, तभी आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

इस वर्ष कई नए निवेशक आपके साथ बिज़नेस करते नजर आएँगे। पार्टनरशिप में बिज़नेस कर रहे जातकों को अपने सहयोगी से हर बात और हर रणनीति साझा करने से बचना होगा, अन्यथा उनसे धोखा मिलना संभव है क्योंकि फरवरी से अप्रैल तक का समय पार्टनरशिप बिज़नेस के लिए थोड़ा परेशानी भरा साबित हो सकता है।  सितंबर माह में विदेश जाने का अवसर प्राप्त होगा। अप्रैल से मई का समय काफी अच्छा परिणाम लेकर आएगा। इस समय आपको भाग्य का पूरा साथ मिलेगा, जिससे उतार-चढ़ाव के बाद भी आप अच्छा लाभ अर्जित करने में सफल होंगे। आपके करियर में तेजी देखने को मिलेगी, जिससे आपकी पदोन्नति संभव है।

# आर्थिक जीवन

तुला राशिफल 2021 के अनुसार, आपका आर्थिक जीवन इस वर्ष मिश्रित परिणाम लेकर आ रहा है। साल की शुरुआत आपके आर्थिक जीवन के लिए अच्छी रहेगी। आर्थिक राशिफल 2021 के अनुसार, विशेष रूप से मार्च, जून, जुलाई और अगस्त का महीना आपको धन लाभ की प्राप्ति कराएगा। उसके बाद कुछ खर्चे संभव है और विशेष तौर से सितंबर के महीने में आप दिल खोलकर खर्च करते नजर आएँगे। ऐसे में आपको अपने धन को संचय करने और अपने ख़र्चों पर लगाम लगाने की आवश्यकता पड़ेगी, अन्यथा आर्थिक तंगी से जूझना पड़ सकता है। मातृपक्ष से धन लाभ होने के योग बनेंगे। पैतृक संपत्ति से भी कुछ धन लाभ संभव है।

# शिक्षा

छात्रों को इस वर्ष अनुकूल परिणाम प्राप्त होंगे। विशेष कर के अप्रैल से सितंबर तक का समय शिक्षा के क्षेत्रों में विशेष भाग्यवान साबित होने वाला है। इस समय आपका मन पढ़ाई में अधिक लगेगा, जिससे आप अपना प्रदर्शन अच्छा कर अपने शिक्षकों का दिल जीत पाने में सफल होंगे। आपको अपनी मेहनत का फल भी इस वर्ष शनिदेव देंगे। यदि आप उच्च शिक्षा

ग्रहण करने का सोच रहे हैं तो, उसके लिए यह वर्ष अच्छा रहेगा। आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। परंतु प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को इस समय भी अपनी मेहनत जारी रखनी होगी।

भविष्यफल 2021 यह संकेत देता है कि यदि आप इस वर्ष अपनी मेहनत से जी चुराएंगे, तो आपको परिणाम विपरीत प्राप्त होंगे। लगातार मन लगाकर ही केवल पढ़ाई पर भी ध्यान दें। इस वर्ष अगस्त माह का समय छात्रों के लिए विशेष महत्वपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि आप इस समय अपनी मेहनत के दम पर अच्छे अंक हासिल करने में तो कामयाब होंगे ही, साथ ही, इस कामयाबी से आपकी उन्नति व तरक्की भी होगी जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

# पारिवारिक जीवन

आपके पारिवारिक जीवन के लिए ज्यादा अनुकूल नहीं रहने वाला है, क्योंकि इस वर्ष शनि आपकी राशि से चौथे भाव में विराजमान रहेंगे जिससे आपको किसी कारण अपने घर से दूर जाना पड़ेगा। इसके साथ ही काम की अधिकता के चलते पारिवारिक दूरी या लड़ाई होने के भी योग बनेंगे, जिससे परिवार से मन-मुटाव संभव है। ऐसे में यह आपका ही कर्तव्य होगा कि समय-समय पर अपने पेशेवर जीवन के साथ ही अपने परिवार को भी अहमियत दें।

राशिफल 2021 के संकेतानुसार वर्ष के मध्य में घर-परिवार के लिए समय अच्छा रहेगा। विशेष रूप से अप्रैल महीने में परिवार में शांति नजर आएगी, तथा पूर्व का कोई क्लेश या विवाद भी खत्म होगा। 15 सितंबर से 20 नवंबर के मध्य में किसी पैतृक संपत्ति की मरम्मत या उसकी साज-सज्जा पर आप धन खर्च करेंगे। इसके साथ ही आप अपने स्वयं के घर के रख-रखाव पर भी खर्च करते दिखाई देंगे। भाई-बहनों के लिए समय अच्छा रहेगा। उनसे सहयोग की प्राप्ति होगी, जिससे समाज में मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

# वैवाहिक जीवन एवं संतान

तुला राशि के जातकों के वैवाहिक जीवन की बात करें तो, आपके शादीशुदा जीवन के लिए यह साल ज्यादा अनुकूल नहीं रहेगा क्योंकि साल की शुरुआत में ही लाल ग्रह मंगल आपके सप्तम भाव में विराजमान होंगे, जिससे आपके और जीवनसाथी के रिश्ते में कुछ कड़वाहट आने के योग बनेंगे। इसके साथ ही फरवरी से लेकर अप्रैल महीने के मध्य तक का समय आपके लिए विशेष महत्वपूर्ण रहने वाला होगा, क्योंकि इस समय आपकी राशि से अष्टम भाव में मंगल मौजूद होंगे जो वहां विराजमान राहु के साथ युति करेंगे, जिससे ससुराल पक्ष से आपका किसी बात को लेकर विवाद संभव है। इस विवाद का असर सीधे तौर पर आपके वैवाहिक जीवन पर दिखाई देगा।

मध्य अप्रैल से 20 मई तक का समय वैवाहिक जीवन के लिए अच्छा दिखाई दे रहा है। आपका जीवनसाथी इस समय अपने कार्य क्षेत्र पर अधिक मेहनत करेगा जिसे देख आप भी उनसे प्रभावित होंगे। जून के महीने में किसी कारणवश आपके मान-सम्मान को ठेस पहुंच सकती है। इस समय आपका ससुराल पक्ष से विवाद संभव है। ऐसे में आपको अपने तनाव को न बढ़ाते हुए हर विवाद को आराम से सुलझाने की ओर प्रयास करने होंगे। अप्रैल के महीने में कार्य क्षेत्र में सफलता मिलने से संतान खुश होगी, और अपना बेहतर प्रदर्शन करेगी। उन्हें अपनी पढ़ाई में भी इस वर्ष भरपूर सफलता मिलेगी।

# प्रेम जीवन

प्रेम में पड़े जातकों के लिए काफी अच्छा रहने वाला है। इस वर्ष प्रेमियों को प्रेम में सफलता मिलेगी, जिससे उनके प्रेम विवाह में बंधने के योग बनेंगे। आप अपने प्रियतम के साथ समय बिताना पसंद करेंगे। इस दौरान आप दोनों एक दूसरे के प्रति ज्यादा आकर्षित होंगे। अप्रैल से सितंबर के मध्य का समय आपके प्रेम जीवन में ख़ुशियाँ लेकर आएगा, क्योंकि इस दौरान आपका प्रियतम अपने इस रिश्ते को और मजबूत बनाने के लिए प्रयास करता दिखाई देगा, जिसे देख आप भी खुश होंगे। दिसंबर का महीना भी आपके जीवन में कोई बड़ी सौगात लेकर आ सकता है। संभावना है कि आपके प्रियतम को मनचाही नौकरी मिले, जिससे आपको भी अच्छा लगेगा। कुल मिलाकर कहें तो आपके लिए प्रेम जीवन 2021 काफी अच्छा रहने वाला है।

# वृश्चिक राशिफल 2021

राशिफल 2021 के अनुसार, आर्थिक जीवन की बात करें तो उसके लिए समय अच्छा रहेगा। आपको इस वर्ष धन की प्राप्ति होगी, लेकिन साथ ही साथ आपके ख़र्चों में भी वृद्धि देखी जाएगी। आपको इस वर्ष अपने धन को बचाने और उसका सही निवेश करना सीखना होगा अन्यथा आगे चलकर आर्थिक तंगी से गुज़रना पड़ सकता है।

## करियर

भविष्यफल 2021 के संकेतानुसार वृश्चिक राशि वाले जातकों को वर्ष 2021 में अपने करियर के क्षेत्र में कुछ परेशानियाँ आ सकती हैं क्योंकि इस वर्ष काल पुरुष की कुंडली के अनुसार शनि आपके तीसरे घर में विराजमान रहेंगे, जिससे आपको पहले से अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी। विशेष रूप से इस वर्ष जनवरी महीने से मध्य फरवरी, मध्य मार्च, मध्य अप्रैल, जून और जुलाई का समय, आपके लिए बेहद मुश्किलों भरा रहने वाला है। यानि कि आपको शुरुआती 6 महीनों में बेहद सावधानी पूर्वक कार्य क्षेत्र पर ध्यान देने की जरूरत होगी। किसी भी नए काम को लेने से पहले आपको उस काम की सही रणनीति बनाकर चलना होगा। इस समय कुछ भी ऐसा ना करें, जिससे आपकी नौकरी जाने का खतरा उत्पन्न हो।

हालांकि जुलाई के बाद स्थितियाँ कुछ बेहतर होती नजर आएगी और अगस्त का महीना आपके लिए विशेष तौर पर अच्छा रहेगा। इस समय आप एक नई शुरुआत के साथ कार्य करते नजर आएँगे और इससे आपको अच्छी सफलता प्राप्त होगी।

व्यापारी जातकों की बात करें तो उनके लिए वर्ष 2021 की शुरुआत खासा अच्छी रहेगी। सबसे अधिक मार्च से अक्टूबर का महीना आपके लिए भाग्यशाली रहने वाला है। इस समय आपकी मुलाकात कई नए निवेशकों से होगी, जिससे आपको भविष्य में फायदा पहुँचेगा।

### आर्थिक जीवन

आर्थिक राशिफल की बात करें तो, वर्ष 2021 में वृश्चिक राशि वालों को अनुकूल फल प्राप्त होंगे। हालांकि शुरुआत में आपके ख़र्चों में वृद्धि होगी। इस दौरान आपका किसी से प्रॉपर्टी या धन को लेकर वाद-विवाद संभव है। अप्रैल से लेकर सितंबर का मध्य आपके लिए कुछ परेशानी भरा साबित होगा। इस समय घर-परिवार और अपनी कुछ इच्छाओं की पूर्ति के लिए, आप खर्च करते भी दिखाई देंगे। घर में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। इसके अलावा जुलाई और अगस्त का समय आपके लिए विशेष लाभदायक साबित होगा।

### शिक्षा

वृश्चिक राशिफल 2021 की बात करें तो, शिक्षा के क्षेत्र में इस वर्ष छात्रों को पूर्व से अधिक मेहनत करने की आवश्यकता होगी। पंचम भाव के स्वामी ग्रह बृहस्पति जी की कृपा से उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छात्रों को जनवरी से अप्रैल तक काफी अच्छे फल प्राप्त होंगे। इस दौरान आपको किसी अच्छी जगह दाखिले का शुभ समाचार भी प्राप्त हो सकता है। जो छात्र विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे हैं, उनका यह सपना जनवरी, अप्रैल और सितंबर के महीने में पूरा हो सकता है। इस समय आपको ये बात ध्यान रखनी होगी कि पहले से ही अपने सारे दस्तावेज़ एकत्रित कर लें।

### पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन की बात करें तो, वृश्चिक राशि के जातकों को वर्ष 2021 में कुछ चुनौतियों से गुजरना पड़ सकता है क्योंकि ग्रहों की दृष्टि आपके पारिवारिक जीवन को सबसे ज्यादा प्रभावित करने वाली है। हालांकि अप्रैल के पहले हफ्ते से लेकर

सितंबर और फिर 20 नवंबर से साल के अंत तक का समय आपके लिए बेहद अनुकूल रहने वाला है। इस समय आपको अपने भाई-बहनों का साथ मिलेगा, तथा कार्य क्षेत्र में भी घर के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

भविष्यफल 2021 के मतानुसार, घर-परिवार में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होने से, घर में सुख-शांति रहेगी। मेहमानों और रिश्तेदारों का आगमन घर के वातावरण को और खुशहाल बनाएगा। अपने परिवार के साथ किसी यात्रा पर जाने का प्लान कर सकते हैं। हालांकि 15 सितंबर से 20 नवंबर के बीच पिता का स्वास्थ्य फिर खराब हो सकता है।

### वैवाहिक जीवन एवं संतान

वृश्चिक राशिफल 2021 के अनुसार यह वर्ष शादीशुदा जातकों के जीवन में कई उतार-चढ़ाव लेकर आने वाले है, क्योंकि राहु आपकी राशि से इस वर्ष सप्तम भाव में विराजमान होंगे जिससे आपको वैवाहिक जीवन में कष्ट संभव है। विशेष रुप से 22 फरवरी से 14 अप्रैल के मध्य का समय वैवाहिक जीवन के लिए थोड़ा तनावपूर्ण रहेगा। मई का महीना आपके लिए बेहद सावधान रहने वाला होगा, क्योंकि इस समय में सूर्य का गोचर आपके सप्तम भाव में राहु के साथ होगा और अगर आपने किसी भी बात को नज़रअंदाज़ किया तो आपकी छोटी सी बात का बतंगड़ बनते देर नहीं लगेगी जिससे आपका वैवाहिक जीवन भी प्रभावित होगा। ऐसे में सबसे अच्छा होगा अपने जीवन साथी के साथ बैठकर हर विवाद को सुलझाएं। अगस्त का महीना शादीशुदा जीवन के लिए अच्छा रहने वाला है। इस समय आप जीवन साथी के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। आपको उनकी मदद से लाभ भी संभव है। ग्रहों के गोचर के फलस्वरूप आपकी संतान सितंबर से नवंबर में कोई बड़ी उपलब्धि हासिल करने में सफल रहेगी, जिससे समाज में आपका मान-सम्मान बढ़ेगा।

### प्रेम जीवन

प्रेम जीवन के लिए राशिफल 2021 उतार-चढ़ाव भरी स्थितियों की ओर इशारा कर रहा है। वृश्चिक राशि वालों को इस साल शनि की दृष्टि पांचवें भाव में होने से कुछ परेशानी आ सकती है। हालांकि वो जातक जो गहरे प्रेम में हैं, उनका प्रेम इस वर्ष और गहरा होगा।

अप्रैल और सितंबर का माह आपके लिए थोड़ा प्रतिकूल नजर आ रहा है। मार्च में शुक्र ग्रह का गोचर पंचम भाव में होने के कारण मार्च से अप्रैल का समय प्रेमी जोड़ों के लिए अच्छा रहेगा, इस दौरान आपको अच्छे परिणाम मिलेंगे। सितंबर से आगे का समय प्रेम विवाह का योग दर्शा रहा है। इस समय आपके इस निर्णय में आपको अपने घर वालों का सहयोग प्राप्त होगा।

# धनु राशिफल 2021

धनु राशि के जातकों के लिए क्या कुछ ख़ास लेकर आने वाला है। साथ ही हम आपको आपके जीवन के हर क्षेत्र के बारे में भी विस्तार पूर्वक इस वर्ष की सभी मुख्य भविष्यवाणी देने वाले हैं। अगर आपके करियर की बात करें तो वर्ष 2021 धनु राशि के लोगों को करियर में अच्छे फल देगा, क्योंकि इस वर्ष आपको शनि और गुरु देव की शुभ दृष्टि कार्यक्षेत्र में भरपूर सफलता प्रदान करेगी, जिससे आपकी उन्नति के साथ-साथ मान-सम्मान में भी वृद्धि होगी। इस समय आपको मनचाहा ट्रांसफर भी मिल सकता है और यदि आप विदेश जाने का सोच रहे थे तो इस वर्ष आपको कार्यक्षेत्र के काम से विदेश जाने का अवसर भी प्राप्त होगा।

आपका आर्थिक जीवन भी इस वर्ष उम्मीद से ज्यादा अच्छा रहेगा। शनि देव आपका आर्थिक जीवन मजबूत करने के साथ-साथ आपको धन लाभ कराएँगे। केतु का प्रभाव इस साल आपके खर्चे बनाये रखेगा जिसके चलते आप धन से जुड़ा हर निर्णय लेने में खुद को सक्षम महसूस करेंगे। उधारी पर दिया हुआ धन वापस मिलेगा व हर प्रॉपर्टी विवाद खत्म होगा, जिससे आपको मुनाफ़ा मिल सकता है।

छात्रों की बात करें तो शिक्षा के क्षेत्र में धनु राशि के लोग इस वर्ष अच्छा करने में सफल होंगे। आपको अपने शिक्षकों व दूसरे छात्रों का साथ मिलेगा और आप राशि के छठे भाव में मौजूद राहु के शुभ प्रभाव के चलते हर विषय को समझने में सफल होंगे। पारिवारिक जीवन को देखें तो उसके लिए समय अनुकूल रहने वाला है, क्योंकि आपको पारिवारिक सुख मिलेगा। ग्रहों की दशा आपके परिवार में किसी मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन कराएगी, जिससे घर में खुशहाली भरा वातावरण देखने को मिलेगा।

यदि आप शादीशुदा हैं तो ये वर्ष आपके लिए कुछ परिवर्तन लेकर आने वाला है। शुरुआत में जीवनसाथी की सेहत खराब होगी और साथ ही संतान को भी पढ़ाई-लिखाई में पंचम भाव में स्थित होकर लाल ग्रह मंगल कष्ट दे सकते हैं। आपका साथी आपकी बातों को कम अहमियत देगा, जिससे आप दोनों के बीच बात-बात पर विवाद संभव है।

सेहत के लिहाज से वर्ष बेहद सकारात्मक रहने वाला है, क्योंकि इस वर्ष आप खुद को बेहद सेहतमंद महसूस करेंगे। हालांकि छाया ग्रह बीच-बीच में कुछ कष्ट देने का प्रयास करेंगे, लेकिन आप अपने अच्छे खान-पान से हर रोग से निजात पाने में सफल होंगे।

## करियर

इस वर्ष आपको कार्यक्षेत्र में भरपूर सफलता मिलेगी। आपके सहकर्मी और आपके वरिष्ठ अधिकारी आपको भरपूर सहयोग करते दिखाई देंगे। इस समय आपको अपने करीबियों से करियर में प्रगति करने तथा लगातार आगे बढ़ने का प्रोत्साहन मिलेगा, जिससे आपकी तरक्की होगी तथा धन लाभ होगा। ग्रहों की शुभ स्थिति के कारण आपके लिए सबसे अधिक जनवरी, मई, जून, अगस्त, सितंबर और दिसंबर का महीना बेहद शुभ रहने वाला है। इस समय आप अपने हर कार्य में पहले से अधिक मेहनत करते हुए उसे समय से पहले पूरा करने में सक्षम रहेंगे। इसके साथ ही मई और अगस्त का महीना आपके स्थान परिवर्तन के लिए बेहद अच्छा दिखाई दे रहा है। यदि आपको नौकरी में ट्रांसफर की चाहत थी तो वो इस समय पूरी होगी और उसमें आपको सफलता मिलेगी क्योंकि सूर्य देव का गोचर आपके नवें भाव में होगा। इसके अलावा नवंबर माह में आपको कार्य क्षेत्र से संबंधित किसी विदेश यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा, जिससे आपको अच्छे फलों की प्राप्ति भी होगी। मई और जून के माह में आपके कार्य को देखते हुए आपकी पदोन्नति संभव है।

## आर्थिक जीवन

आर्थिक जीवन में कई परिवर्तन लेकर आने वाला है, क्योंकि इस पूरे ही वर्ष शनि आपके दूसरे भाव में स्थित रहते हुए आपके आर्थिक जीवन को मजबूती प्रदान करेंगे जिससे आपको अपार धन की प्राप्ति होगी। ग्रहों का गोचर अनुकूल रहने से आपके लिए जनवरी के अंत से जुलाई, अगस्त, सितंबर और अक्टूबर का माह बेहद शुभ साबित होगा। इस समय आपको भाग्य का साथ मिलेगा। साथ ही आपकी आमदनी में भी लगातार वृद्धि दर्ज की जाएगी। इस दौरान आपकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत होगी और आपको मानसिक तनाव से मुक्ति मिलेगी।

2021 में छाया ग्रह केतु भी साल भर आपके द्वादश भाव में मौजूद रहेंगे जिससे आपको बीच-बीच में कुछ खर्चे भी आपको परेशान करेंगे।

## शिक्षा

शिक्षा के क्षेत्र में धनु राशि के जातकों को भरपूर सफलता मिलेगी। आपको इस वर्ष भर अपनी मेहनत का फल मिलेगा, क्योंकि राहु के आपकी राशि से छठे भाव में विराजमान होने पर आपको अपनी प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। राहु की ये शुभ स्थिति आपके लिए बेहद भाग्यशाली रहने वाली है। इसके साथ ही शुरुआत से ही शनि भी आपके दूसरे भाव में बृहस्पति के साथ युति करेंगे जिसके चलते परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को अच्छे अंक हासिल करने के योग बनेंगे। यदि आप उच्च

शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हैं तो आपके लिए जनवरी और अप्रैल से मई के मध्य और फिर सितंबर का महीना बेहद शुभ साबित होगा। इस दौरान आपको हर विषय को सही से समझने में कोई कठिनाई नहीं आएँगी।

राशिफल 2021 के अनुसार जो छात्र विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे हैं उनका यह सपना इस वर्ष दिसंबर और सितंबर के महीने में पूरा हो सकता है।

## पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन इस वर्ष भर अच्छा रहेगा। आपके परिवार में चल रहा हर प्रकार का विवाद खत्म होगा क्योंकि इस वर्ष आपकी राशि से दूसरे भाव में मौजूद शनि की दृष्टि आपके चौथे घर पर भी होगी, जिससे परिवार के सभी सदस्यों में भाईचारे और एकजुटता में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन होगा। साथ ही शनि के साथ गुरु बृहस्पति की युति आपके लिए सोने पर सुहागे का कार्य करेगी, जिसके चलते आप पुरातन विचारों को मानकर घर की मरम्मत का कार्य कराने का फैसला ले सकते हैं। घर में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन होगा, जिससे वातावरण खुशहाली भरा रहेगा। यदि परिवार में कोई सदस्य विवाह योग्य है तो उसका विवाह इस वर्ष संपन्न हो सकता है क्योंकि ग्रहों की चाल आपके लिए अनुकूल रहेगी। इसके साथ ही घर में किसी नए मेहमान के आगमन के योग भी बनते नज़र आ रहे हैं।

आपके लिए जनवरी से लेकर अप्रैल और सितंबर के पहले हफ्ते से लेकर नवंबर के मध्य तक अपनी मातृ पक्ष के लोगों के साथ किसी यात्रा पर जाने की संभावना बनती दिखाई दे रही है। आपके भाई-बहनों के लिए ये वर्ष अच्छा रहेगा। आपको पिता का साथ मिलेगा साथ ही उनकी सेहत में सुधार भी इस समय देखने को मिलेगा।

## वैवाहिक जीवन एवं संतान

जातकों के लिए ये वर्ष अच्छा रहेगा। शुरुआत में आपके जीवनसाथी का स्वास्थ्य कुछ परेशान कर सकता है, लेकिन आप इस समय हर वक़्त उनके साथ खड़े नजर आएँगे जिससे समय के साथ उनकी सेहत में सुधार आ सकेगा। इस वर्ष जनवरी के पहले ही सप्ताह में आपके दांपत्य जीवन में भी प्रेम और आकर्षण अचानक से बढ़ेगा। ऐसे में यदि आप अपने साथी से कोई बात या कोई सलाह-मशवरा करना चाहते थे तो उसके लिए यह समय बहुत अच्छा रहेगा।

दांपत्य जीवन में अप्रैल के महीने से कुछ उथल-पुथल मच सकती है इस समय जीवनसाथी की सेहत भी खराब हो सकती है। साथ ही संतान को भी अपनी पढ़ाई-लिखाई में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। ऐसे में आपको एक स्तम्भ की तरह उनके साथ हमेशा खड़े रहने की आवश्यकता होगी। बावजूद इसके, ये साल अच्छा रहेगा। संतान अपने हर क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करेगी, जिससे आपको भी खुशी का अनुभव होगा।

## प्रेम जीवन

जातकों का प्रेम जीवन इस वर्ष सबसे ज्यादा प्रभावित रहने वाला है। आपको अपने प्रेमी से प्रेम तो मिलेगा लेकिन आप दोनों के बीच की तकरार साफ़ दिखाई देगी। साल की शुरुआत में मंगल की पंचम भाव में स्थिति प्रेम जीवन में टकराव बढ़ने वाली रहेगी। आप इस समय जरुरत से ज्यादा भावुक होंगे। इस दौरान आप उनके साथ बातचीत कर हर विवाद को सुलझाने की पुरज़ोर कोशिश भी करते नज़र आएँगे। अप्रैल, जुलाई और सितंबर का महीना आपके प्रेम जीवन के लिए सबसे अच्छा होगा। इसके अलावा मार्च का महीना आप दोनों के बीच में विवाद लेकर आ सकता है।

# मकर राशिफल 2021

मकर राशि वाले जातकों के लिए वर्ष 2021 क्या ख़ास लेकर आ रहा है। करियर की बात करें तो मकर राशि के जातकों को इस वर्ष अच्छे फल प्राप्त होंगे। आपकी राशि में शनि और गुरु बृहस्पति की युति आपको भाग्य का साथ प्रदान करेगी, जिससे आप अपने करियर में बिना रुके लगातार आगे बढ़ते जाएंगे लेकिन इस समय आपको इस बात को याद रखना होगा कि अपनी

मेहनत को कभी कम न होने दें। आर्थिक जीवन को देखें तो इस वर्ष आपको धन से जुड़ी कई परेशानियाँ आने वाली हैं। साल की शुरुआत जितनी कठिन होगी, साल का अंत आर्थिक रूप से उतना ही उत्तम रहने वाला है।

शिक्षा के लिए अच्छा दिखाई दे रहा है। इस समय विद्यार्थियों को पूर्व की मेहनत का राहु अच्छा फल देंगे, जिससे वो हर विषय को सही से समझ पाने में सफल होंगे। विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे जातकों को भी इस वर्ष शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है, लेकिन इसके लिए आपको केंद्रित होकर निरंतर प्रयास करने की ज़रूरत होगी। ग्रहों की स्थिति के कारण पारिवारिक जीवन में इस साल आपको मिश्रित फलों की प्राप्ति होगी। इस वर्ष मंगल आपको पारिवारिक जीवन में कष्ट देने का कार्य करेंगे, लेकिन गुरु बृहस्पति के कुम्भ में गोचर के दौरान आपको शुभ फलों की प्राप्ति हो सकेगी।

विवाहित जातकों की अगर बात करें तो उन्हें इस वर्ष थोड़े कम अच्छे फलों की प्राप्ति होगी क्योंकि शनि देव की दृष्टि आपको तनाव के साथ-साथ शादीशुदा जीवन में कई चुनौती देने का कार्य करेगी। इसके साथ ही लाल ग्रह मंगल का गोचर सप्तम भाव में होने पर आपका साथी के साथ विवाद संभव है लेकिन संतान पक्ष के लिए समय अच्छा रहेगा। वहीं प्रेम जीवन के लिए ये वर्ष बेहद अच्छा नज़र आ रहा है, क्योंकि आपके पंचम भाव में राहु की उपस्थिति आपको हर प्रेम की परीक्षा में सफल कराएगी, जिससे आप दोनों एक दूसरे के साथ शादी के बंधन में बंधने जैसा बड़ा फैसला भी ले सकते हैं। आपके लिए जनवरी, फरवरी, अप्रैल और मई का समय सबसे ज्यादा अच्छा रहेगा, लेकिन मार्च, जुलाई और अगस्त में कुछ छोटा-मोटा विवाद प्रेमी संग संभव है।

# करियर

आपके राशि स्वामी शनिदेव इस पूरे वर्ष आपकी राशि में स्थित होंगे, जिससे आपको मेहनत के अनुसार अच्छे परिणाम तो मिलेंगे, ऐसे में अपनी मेहनत को रफ्तार दें और कार्यक्षेत्र पर किसी भी नए काम को हाथों में लेने से पहले पुराने काम को खत्म करें। इसके साथ ही गुरु बृहस्पति भी, शनि देव के साथ आपकी राशि में ही विराजमान होकर युति बनाएँगे, जिससे आपको मेहनत का अधिक से अधिक अच्छा परिणाम मिलेगा। शनि और गुरु बृहस्पति की इस युति से आपको अपने करियर में उन्नति मिलेगी और भाग्य का साथ मिलने से आप कार्य क्षेत्र में हर ऊंचाई हासिल करने में सफल होंगे।

यह पूरा ही वर्ष आपके लिए अच्छा रहेगा लेकिन आपको अप्रैल से लेकर सितंबर के मध्य में पिछले वर्ष से अधिक मेहनत करनी होगी अन्यथा आप परेशान में पड़ सकते हैं। आपको इस समय केवल और केवल अपने काम पर ही ध्यान देने की जरूरत होगी। किसी लंबी दूरी की यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा, संभावना है कि आपको इस यात्रा पर जनवरी माह में जाना पड़े। हालांकि इस दौरान आप अच्छा लाभ अर्जित करने में सफल रहेंगे। ग्रहों को गोचर आपको हिदायत दे रहा है कि इस वर्ष आपका ध्यान कानून विरोधी कार्यो में अधिक लगेगा। ऐसे में आपको किसी भी तरह की गैर-कानूनी गतिविधियों से खुद को दूर रखते हुए बेहद सावधान रहकर चलने की आवश्यकता होगी। खासतौर से टैक्स चोरी कर रहे जातकों को सावधान होना पड़ेगा, अन्यथा उन्हें कोर्ट-कचहरी के चक्कर में फंसना पड़ सकता है। व्यापारी वर्ग के लिए समय अच्छा रहेगा। उन्हें भी भाग्य का साथ मिलेगा।

# आर्थिक जीवन

आर्थिक जीवन में कम अनुकूल फल प्राप्त होंगे। साल की शुरुआत आपके तो हो सकता है आर्थिक तंगी हो। ऐसे में जितना संभव हो सही रणनीति और योजना के अनुसार ही अपना धन खर्च करें। ग्रहों की स्थिति इस वर्ष सबसे ज्यादा आपके आर्थिक जीवन को प्रभावित करेगी, जिसके चलते जनवरी और अगस्त का महीना आपके लिए सबसे ज्यादा कष्टदायक रहेंगे। इस समय आर्थिक स्थिति कमजोर होने से निजी जीवन भी प्रभावित होगा। इसलिए इस वर्ष किसी को भी उधारी पर पैसा देने से बचें।

इस दौरान धन को संचय करने की ओर भी प्रयास करें। आपके लिए 6 अप्रैल से 15 सितंबर के मध्य का समय और फिर 20 नवंबर से वर्ष के अंत का समय सबसे ज्यादा लाभकारी रहेगा क्योंकि इस दौरान आपको अनेकों स्रोतों से आर्थिक लाभ होगा, क्योंकि इस समय गुरु बृहस्पति आपकी राशि के प्रथम भाव से आपके द्वितीय भाव में प्रवेश कर जाएंगे जिससे आर्थिक तंगी दूर होंगी और आप स्वयं को धन कमाने में सक्षम महसूस करेंगे।

# शिक्षा

छात्रों को वर्ष 2021 में अच्छे परिणाम मिलेंगे, क्योंकि आपकी राशि से पंचम भाव में उपस्थित छाया ग्रह राहु इस वर्ष आपको अच्छे फल देगा, जिससे आपको अपनी मेहनत का अधिक से अधिक लाभ मिलेगा। राहु की शुभ स्थिति विद्यार्थियों को पढ़ाई-लिखाई में तेज प्रवृत्ति का बनाएगी, जिसके चलते वह इस वर्ष हर चुनौती और हर विरोधी का डटकर सामना करते दिखाई देंगे। आप जिस भी कार्य को करेंगे तथा जिस भी विषय को समझने की कोशिश करेंगे, उसमें सफल होंगे। आपके शिक्षक आपके लिए इस वर्ष सबसे बड़े सहयोगी साबित होंगे। हालांकि इस वर्ष फरवरी से अप्रैल के बीच मंगल के पंचम भाव में गोचर करने से वह उपस्थित राहु के साथ मंगल की युति होगी जिससे आपको शिक्षा के क्षेत्र में परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है।

आपके लिए जनवरी और मई का महीना सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण रहने वाला है। ऐसे में इस साल अपने मन को एकाग्रित रखते हुए किसी गलत संगति में अपने समय को बर्बाद ना करें और केवल और केवल अपनी पढ़ाई पर भी ध्यान दें। विदेश जाकर पढ़ाई करने का सपना देख रहे छात्रों के लिए जनवरी, फरवरी, अगस्त और दिसंबर का महीना शुभ रहेगा। इस दौरान उन्हें किसी विदेशी कॉलेज से शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। जो छात्र उच्च शिक्षा की तैयारी कर रहे हैं उन्हें वर्ष की शुरुआत में अच्छे परिणाम मिलेंगे। इस दौरान ही उन्हें अपनी पूर्व की मेहनत का फल मिलेगा। इसके अलावा अप्रैल, सितंबर और नवंबर का महीना भी आपके लिए अच्छा दिखाई दे रहा है।

# पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन में कई परिवर्तनों से दो-चार होना पड़ सकता है। साल की शुरुआत में मंगल देव आपकी राशि से चतुर्थ भाव में विराजमान होंगे, जिससे आपकी माता को स्वास्थ्य कष्ट संभव है। ऐसे में आपको भी मानसिक चिंताएं परेशान करेंगी। उनकी खराब सेहत से घर का वातावरण भी सकारात्मक बनेगा। आपका धन घर के सदस्यों पर खर्च होगा। साथ ही पारिवारिक जीवन में किसी कारण वश कई मुश्किलें साल भर बनी रहेंगी। हालांकि शनि के आपकी राशि में प्रथम भाव में होने से प्रॉपर्टी या ज़मीन खरीदने के योग बनेंगे। ऐसे में इस दौरान कोई भी बड़ा निर्णय लेने से पहले घर के बड़ों की सलाह ज़रूर लें।

आपको इस वर्ष शनि देव संपत्ति की प्राप्ति कराएँगे, जिससे स्थिति कुछ सामान्य नजर आएगी। ग्रहों की चाल अनुकूल होने के कारण घर में मांगलिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। विशेष रूप से मार्च से स्थितियाँ बेहतर होंगी, जिससे परिवार में भी खुशी का माहौल नजर आएगा। सदस्यों के बीच प्रेम और एकजुटता दिखाई देगी और आपका निजी एवं पेशेवर जीवन सामान्य हो जाएगा। अप्रैल माह में बृहस्पति कुंभ में विराजमान होने पर आपके दूसरे भाव में प्रवेश करेंगे, जो कुटुंब भाव होता है। इसके चलते आपको अपने परिवार का सहयोग मिलेगा। माता-पिता से भी आपके संबंधों में मधुरता आएगी। आपको घर पर नए-नए पकवान खाने का अवसर मिलेगा। घर में किसी नए सदस्य का आगमन संभव है। यदि घर में कोई सदस्य विवाह योग्य है तो इस साल के अंत में उनका विवाह हो सकता है, जिससे घर में खुशहाली का माहौल बना रहेगा। भविष्यफल 2021 के संकेतानुसार परिवार में संतान जन्म के कारण ख़ुशियाँ मनाए जाने के शुभ संयोग बनेंगे।

# वैवाहिक जीवन एवं संतान

इस पूरे ही वर्ष आपकी राशि के स्वामी ग्रह शनि आपकी राशि के प्रथम भाव में होते हुए सप्तम भाव पर दृष्टि डालेंगे जिससे दांपत्य जीवन में कुछ तनाव उत्पन्न होगा। इस दौरान वर्ष की शुरुआत से अप्रैल तक गुरु बृहस्पति की भी दृष्टि आपके सप्तम भाव पर होगी, जिससे जीवन साथी के साथ विवाद तो होगा लेकिन आप हर विवाद को सुलझाने में खुद को सक्षम भी महसूस करेंगे। सितारों की चाल से अप्रैल के बाद स्थितियाँ बेहतर होती नज़र आएँगी और 15 सितंबर से 20 नवंबर के मध्य में जब गुरु बृहस्पति की कृपा से आपको अपने वैवाहिक जीवन में सबसे ज्यादा शुभ फलों की प्राप्ति होगी। इस समय आपका दांपत्य जीवन भी खुशहाल बनेगा, जिससे जीवनसाथी और आपके बीच प्रेम की वृद्धि होगी और रिश्ता पहले से और मजबूत होगा। आप दोनों को किसी यात्रा पर जाने का अवसर मिलेगा जहाँ आप एक दूसरे के प्रति निकटता का एहसास करेंगे।

दांपत्य जीवन के लिए समय अच्छा रहेगा। खासतौर से जनवरी के अंत में भौतिक सुखों के देव शुक्र अपना गोचर करते हुए आपकी ही राशि में यानि आपके प्रथम भाव में विराजमान हो जाएंगे जिससे आपको संतान का सुख मिलेगा। हालांकि इसके बाद जब कर्क राशि में 2 जून से 20 जुलाई के मध्य में लाल ग्रह मंगल का गोचर होगा तो आपके दांपत्य जीवन में कुछ नकारात्मक प्रभाव देखने को मिलेगा। इस दौरान आपके और साथी के बीच अहम की तकरार और क्रोध से आपको परेशानी उठानी पड़ सकती है। इसके बाद परिस्थितियों में कुछ सकारात्मक बदलाव नज़र आएँगे। साथ ही वैवाहिक जीवन में भी आपको प्रेम मिलेगा। इस दौरान उनके स्वभाव में अच्छे बदलाव आएँगे जिससे वो प्रसन्नता की अनुभूति करेंगे। इस समय संतान उन्नति करेगी और उन्हें धन लाभ भी होगा। यदि संतान पढ़ाई करती है तो ग्रहों और नक्षत्रों की स्थिति से उनका शिक्षा में अच्छा प्रदर्शन आपको भी ख़ुशी देगा।

## प्रेम जीवन

आपकी राशि से पंचम भाव में मौजूद राहु आपको साल भर प्रेम में अपार सफलता देते हुए, आपके जीवन में अप्रत्याशित ख़ुशियाँ देगा। राहु की इस शुभ स्थिति के चलते आपके और प्रियतम के रिश्ते में मधुरता आएगी और आप दोनों एक दूसरे के साथ अच्छा समय बिताते नज़र आएँगे। इस वर्ष आप भी अपने प्रियतम को मनाने और उनका दिल जीतने के लिए ख़ासा प्रयास करते दिखाई देंगे, जिसका अच्छा परिणाम भी आपको मिलता रहेगा। यही वो वर्ष होगा जब आप अपने प्रेमी को सबसे ज्यादा खुश और उनमें प्रेम के इस सुन्दर रिश्ते के लिए कुछ भी कर गुजरने की चाहत को देख पाएंगे। मई के महीने में शुक्र का गोचर आपके पंचम भाव में होगा, जहाँ राहु पहले से ही विराजमान हैं। यह समय आपके प्रेम सम्बन्ध के लिए बहुत अनुकूल होगा। इस स्थिति को देख आप उनके साथ प्रेम विवाह में बंधने का फैसला भी ले सकते हैं। इस वर्ष सबसे ज्यादा आपके लिए वर्ष की शुरुआत से मई तक समय बेहद शुभ रहेगा। यही वो समय होगा जब प्रेमी और आप खुद को एक दूसरे के बेहद करीब पाएंगे। आप दोनों किसी यात्रा पर जाने का भी प्लान कर सकते हैं।

हालांकि आपको मार्च के माह में और जुलाई और अगस्त के मध्य अपने इस रिश्ते में किसी भी तरह के विवाद से बचना होगा अन्यथा आपका प्रेमी आपसे गुस्सा हो सकता है, जिसके चलते आपका मन अन्य कार्यों में भी नहीं लगेगा।

# कुम्भ राशिफल 2021

के अनुसार ये वर्ष कुंभ राशि के जातकों के लिए कई महत्वपूर्ण परिवर्तन लेकर आने वाला है। इस वर्ष की शुरुआत में आपको कार्यक्षेत्र पर भरपूर सफलता मिलेगी। विशेष रूप से सितंबर और दिसंबर का माह आपके लिए कई लाभ लेकर आने वाला है। व्यापारी वर्ग को भी इस समय अच्छा लाभ मिलने के योग बनते दिखाई दे रहे हैं। हालांकि आपको जून और जुलाई के मध्य दूसरों पर भरोसा करने से बचना होगा अन्यथा आपको आगे चलकर परेशानी उठानी पड़ सकती है। भविष्यफल 2021 के अनुसार आर्थिक जीवन के लिए ये वर्ष उतार चढ़ाव से भरे परिणाम देगा, इस दौरान आपको लेन-देन के किसी भी फैसले को लेते समय विशेष सावधानी बरतनी होगी अन्यथा धन हानि के भी योग बन रहे हैं।

शिक्षार्थियों की बात करें तो उनके लिए वर्ष बेहद अनुकूल रहने वाला है। आपको इस वर्ष अपनी मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को शनि देव अभी थोड़ा और इंतजार कराएँगे। पिता को भी इस वर्ष कोई पुराना रोग परेशान कर सकता है, जिससे आपका मानसिक तनाव बढ़ेगा।

आपके लिए वैदिक ज्योतिष के पूर्वानुमान की बात करें तो शादीशुदा जातकों के लिए ये वर्ष अच्छा रहेगा। प्रेम जीवन की बात करें तो उसके लिए समय बेहद उत्तम नज़र आ रहा है। आप अपने प्रियतम संग अपने रिश्ते को और मजबूत बनाने की ओर अधिक प्रयासरत होंगे जिससे वर्ष के मध्य के बाद आपके प्रेम विवाह के योग बनेंगे। वर्ष की शुरुआत में आपके प्रेमी को किसी कारण वश आपसे दूर जाना पड़ेगा।

ग्रहों की गोचर की वजह से स्वास्थ्य के लिहाज से ये वर्ष कुम्भ राशि के लोगों के लिए सामान्य से कम अच्छा रहने वाला है, क्योंकि शनि देव की दृष्टि आपको समय-समय पर कुछ छोटी-छोटी परेशानी देती रहेगी, जिनका उपचार करना आपके लिए बेहद ज़रूरी होगा। आपके लिए अप्रैल से सितंबर तक का समय विशेष सावधानी बरतने वाला रहेगा।

## करियर

कुंभ राशिफल 2021 बताता है कि वर्ष 2021 करियर के लिए थोड़ा परेशानी उत्पन्न करने वाला रहेगा। जो जातक नौकरी बदलने के बारे में सोच रहे थे उनके लिए जनवरी तथा अप्रैल और मई का महीना सबसे ज्यादा उत्तम रहने वाला है। इस दौरान आप अपनी मन पसंद की नौकरी पा सकेंगे।

आपको जून से जुलाई के मध्य विशेष सावधानी रखने की ज़रूरत होगी क्योंकि मंगल के षष्ठ भाव में जाने से ऐसी संभावना बन रही है कि इस समय आपके विरोधी सक्रिय रहेंगे और कार्य क्षेत्र पर आपको परेशान करने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। आपके लिए इस पूरे ही वर्ष जुलाई के अंतिम सप्ताह से लेकर सितंबर तक का समय बेहद शुभ रहने वाला है।

## आर्थिक जीवन

कुम्भ भविष्यफल 2021 के मुताबिक कुम्भ राशि को इस वर्ष अपने आर्थिक जीवन में थोड़े कम अनुकूल परिणाम हासिल होंगे क्योंकि इस वर्ष की शुरुआत से अंत तक कर्मफल दाता शनि देव आपकी राशि से द्वादश भाव में विराजमान होंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति कुछ कमज़ोर बनेगी। ये कष्टदायक स्थिति जनवरी से अप्रैल तक बनी रहेगी। इस दौरान गुरु बृहस्पति भी अप्रैल तक आपकी राशि से इसी भाव में विराजमान होंगे, जिससे आप आर्थिक तौर पर खुद को संभालने की कोशिश करते भी दिखाई देंगे। इसके बाद सितंबर के मध्य तक ग्रहों की स्थिति बदलने से आपकी आर्थिक स्थिति में कुछ सुधार आएगा, विशेष रूप से 15 सितंबर से 15 नवंबर के बीच आप धार्मिक कार्यों और परोपकार के कामों में अधिक धन खर्च करते दिखाई देंगे। इसलिए इस साल आपको वर्ष भर अपनी आमदनी में कमी महसूस होगी लेकिन अगर आप शुरुआत से ही अपने धन को संचय करने की ओर ध्यान देंगे तो जनवरी, फरवरी, अप्रैल, माई की शुरुआत व सितंबर और दिसंबर के महीने में आप आर्थिक जीवन को थोड़ा बेहतर बना सकेंगे।

## शिक्षा

इस वर्ष शिक्षा के मामले में कुंभ राशि के जातकों को पहले से बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे। परीक्षा की तैयारी में लगे छात्रों को विशेष तौर पर अप्रैल के महीने में भरपूर सफलता मिलेगी, जिससे आपके विश्वास और पराक्रम में भी वृद्धि होगी। अप्रैल से बृहस्पति की दृष्टि पंचम भाव पर होने से छात्रों का मन इस पूरे ही वर्ष प्रफुल्लित रहेगा जिससे वो हर विषय को समझने में सक्षम होंगे। हालाँकि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता पाने के लिए अभी और इंतजार करने की आवश्यकता होगी। जो छात्र टेक्निकल पढ़ाई कर रहे हैं, उनके लिए वर्ष सामान्य ही रहेगा। वहीं मीडिया, इनफार्मेशन, टेक्नोलॉजी और आर्किटेक्चर की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को इस वर्ष के परिणाम पिछले वर्ष से बेहतर मिलेंगे।

## पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन में कुम्भ राशि के जातकों को इस वर्ष थोड़ी परेशानी आ सकती है क्योंकि इस पूरे ही वर्ष छाया ग्रह राहु आपकी राशि के चतुर्थ भाव में रहेगा, जिससे आपको कार्यक्षेत्र के किसी काम के चलते अपने घर से दूर जाना पड़ेगा। इस समय आप अपने परिवार को समय कम दे पाएंगे, जिससे आपके और उनके बीच दूरियाँ आने के योग बनेंगे। जो जातक किराए के मकान में रहते हैं उनके लिए समय थोड़ा बेहतर रहेगा। वहीं अपने परिवार व खुद के मकान में रहने वाले जातकों को घर से दूर यात्रा पर जाना पड़ सकता है। ग्रहों का संकेत है कि इस समय आप अपने परिवार पर खुलकर खर्च करेंगे, जिससे आपका अच्छा-खासा धन भी खर्च होगा।

## वैवाहिक जीवन एवं संतान

कुम्भ राशि के शादीशुदा जातकों को वर्ष 2021 में अच्छे परिणाम मिलेंगे। आपका दांपत्य जीवन अच्छा रहेगा, साथ ही जीवनसाथी के साथ आपके रिश्ते में मधुरता आएगी। यदि जीवनसाथी नौकरीपेशा है या व्यवसाय करता है तो उन्हें अपने कार्य क्षेत्र में अच्छी सफलता मिलेगी, जिससे आप दोनों खुश नज़र आएँगे। इसके अलावा आपके वैवाहिक जीवन के लिए जुलाई से अगस्त तक का समय भी थोड़ा कम अनुकूल दिखाई दे रहा है, क्योंकि इस समय में आपके सप्तम भाव का स्वामी ग्रह सूर्य षष्ठ भाव में गोचर करेगा उस पर शनि की पूर्ण दृष्टि होगी। ऐसे में कुछ भी बोलने से पहले ठीक से सोच-विचार करना आपके लिए ज़रूरी होगा अन्यथा साथी संग विवाद संभव है।

आपकी संतान की बात करें तो उसके लिए फरवरी से मार्च और फिर अप्रैल व जून का माह बेहद शुभ नज़र आ रहा है। जुलाई से अगस्त के समय में भी आपकी संतान को भाग्य का साथ मिलेगा, जिससे उनकी तरक्की होगी।

## प्रेम जीवन

सितारों की रौशनी में प्रेम जीवन के लिए ये वर्ष अनुकूल रहेगा क्योंकि आपका प्रियतम अपनी मीठी-मीठी बातों से आपको और आपके दिल को प्रसन्न रखने में सफल होगा। इस समय प्रेम की अधिकता रहेगी जिससे आप दोनों अपने इस रिश्ते में आगे बढ़ने के बारे में भी सोचते व कोई बड़ा निर्णय लेते दिखाई देंगे। अप्रैल से बृहस्पति का गोचर आपकी राशि होने से वह पंचम और सप्तम भाव को प्रभावित करेंगे जिसके परिणामस्वरूप संभव है कि आप प्रेम विवाह में बंधने का फैसला लें, जिसमें आपको सफलता साल के उत्तरार्ध में मिलने के योग बन रहे हैं। यूँ तो ये वर्ष ही आपके लिए अच्छा रहेगा लेकिन फिर भी आपको वर्ष की शुरुआत में मुख्य रूप से जनवरी और फरवरी के महीने में प्रियतम की बातों को समझने की ओर अधिक प्रयास करने की ज़रूरत होगी क्योंकि संभव है कि उन्हें किसी काम से आपसे दूर जाना पड़े जिसके चलते आप उनसे नाराज़ हो सकते हैं।

# मीन राशिफल 2021

मीन राशि के लिए बेहद महत्वपूर्ण रहने वाला है। कार्यक्षेत्र में आपकी तरक्की होगी और विदेश से अच्छा लाभ मिलेगा। नौकरी पेशा जातकों के लिए अगस्त के बाद का समय बेहद अच्छा नज़र आ रहा है। वहीं व्यापारियों को दिसंबर के माह में उच्च लाभ मिलने के योग बनेंगे। ऐसे में खुद को केंद्रित रखते हुए केवल मेहनत जारी रखें तभी आपको लाभ अधिक मिल सकेगा।

अगर आपके आर्थिक जीवन की बात करें तो उसके लिए समय सामान्य से बेहतर रहेगा क्योंकि इस वर्ष आपकी आमदनी में लगातार बढ़ोतरी होगी, जिससे आप अपना धन संचय करने में भी सफल रहेंगे। आप कोई नया वाहन या घर ख़रीदने का भी फैसला ले सकते हैं। हालांकि अप्रैल के अंत से सितंबर का समय आपके लिए कुछ आर्थिक तंगी लेकर आएगा। वहीं मीन राशि के विद्यार्थियों के लिए ये समय शुरुआत में कुछ तनावपूर्ण रहेगा लेकिन जनवरी के बाद स्थितियों में अनुकूलता आने से उन्हें सफलता ज़रूर मिलेगी। छात्रों को इस वर्ष अप्रैल से सितंबर के मध्य में आंशिक सफलता मिलने की सबसे अधिक संभावना दिखाई दे रही है।

जातकों के पारिवारिक जीवन के लिए बेहद अच्छा रहेगा। आपको अपने माता-पिता का साथ मिलेगा। साथ ही उनकी सेहत में भी सुधार आने से आप खुश नज़र आएँगे। कुल मिलाकर कहा जाए तो अप्रैल और मई को छोड़कर ये पूरा ही वर्ष आपके पारिवारिक जीवन के लिए बेहद उत्तम नज़र आ रहा है। दांपत्य जीवन के लिए भी समय बेहद भाग्यवान रहेगा। शादीशुदा जातकों के जीवन में किसी नए मेहमान का आगमन होने से रिश्ते में प्रेम और नयापन आएगा। संतान पक्ष की भी उन्नति और प्रगति होगी।

मीन राशि के प्रेम जीवन की बात करें तो उसमें कुछ परेशानी दिखाई दे रही है क्योंकि शनि और गुरु देव की दृष्टि आपको प्रेम जीवन में जहाँ भरपूर प्यार देगी तो वहीं बीच-बीच में आपको समस्या देते हुए आपकी परीक्षा भी लेती रहेगी। प्रेम जीवन के लिए वर्ष की शुरुआत और अंतिम भाग बेहद अच्छा रहेगा।

# करियर

आप इस समय अपने कार्यक्षेत्र पर अच्छा करेंगे जिससे आप इस वर्ष अच्छा समय बिताएंगे। हालांकि आपको अपने सहकर्मियों का साथ मिलेगा और वो अपनी उच्च अवस्था में होते हुए आपको सहयोग करते दिखाई देंगे। आपको इस समय अपने अधिकारियों और अपने सहकर्मियों से बेहतर संबंध बनाकर चलने की ज़रूरत होगी। तभी आपके अधिकारी आपकी मेहनत को देख पाएंगे और सही समय आने पर आपको उसके अनुसार अनुकूल फल दे सकेंगे। साल की शुरुआत में सूर्य और बुध की दशम भाव में युति अच्छी रहेगी। अगस्त से सितंबर के मध्य नौकरी पेशा जातकों को कार्यक्षेत्र पर भाग्य का साथ मिलेगा और उनकी उन्नति और तरक्की होगी इसलिए अपने प्रयास और अपनी मेहनत जारी रखें।

इस यात्रा से आप अच्छा लाभ भी उठा सकेंगे। विदेश जाने की सोच रहे जातकों को इस समय विदेश जाने का अवसर भी मिलेगा। यदि आप कार्यक्षेत्र पर स्थान परिवर्तन का सोच रहे थे तो उसके लिए दिसंबर का महीना सबसे उत्तम रहेगा। व्यापारी वर्ग के लिए भी ये वर्ष अच्छा रहने वाला है। उन्हें अपने व्यापार में साल भर अनुकूल फल मिलेंगे। साथ ही वो लोग अपनी कुशलता के बल पर अपने व्यापार को विस्तार देने के बारे में विचार और सही रणनीति बनाते नज़र आएँगे।

# आर्थिक जीवन

आपकी राशि से एकादश भाव में बैठे शनिदेव इस वर्ष भी आपको अच्छे फल देते हुए आपके लिए स्थाई आमदनी के कई योग का निर्माण करेंगे, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति शुरुआत में कुछ मजबूत नज़र आएगी। इसके साथ-साथ मंगल ग्रह भी इस वर्ष की शुरुआत में आपकी राशि से दूसरे भाव में विराजमान होंगे जिससे आपकी आर्थिक स्थिति को बल मिलेगा। ये अनुकूल स्थिति अप्रैल तक बरकरार रहेगी। ऐसे में आप अपना धन संचय करने में भी सफल होंगे लेकिन फिर ग्रहों का फेर बदल होने से अप्रैल से सितंबर के मध्य तक आपकी आर्थिक स्थितियों में कुछ बदलाव देखें जाएंगे। इस समय गुरु बृहस्पति के आपकी राशि से बारहवें भाव में होने से आप अपनी इच्छाओं पर खर्च करेंगे। जिससे आपकी आर्थिक स्थिति कुछ कमज़ोर दिखाई देगी।

इसके साथ ही यदि आपका प्रॉपर्टी या धन से जुड़ा कोई विवाद कोर्ट-कचहरी में चल रहा था तो अप्रैल से मई के मध्य में ग्रहों के प्रभाव से उसका फैसला आपके हक़ में आने की संभावना अधिक रहेगी। इससे आपको आर्थिक लाभ भी होगा और आप कोई नई प्रॉपर्टी या वाहन खरीदने में सफल रहेंगे। इस वर्ष आपको जीवन साथी के मध्य से भी अच्छा लाभ मिलेगा, जिससे आप अपने करियर के विकास के लिए कोई भी जोख़िम लेने से नहीं डरेंगे।

# शिक्षा

आपकी राशि में पहले से मौजूद कर्मफल दाता शनि की आपकी राशि से पंचम भाव पर पड़ रही दृष्टि आपकी पढ़ाई-लिखाई में अवरोध का मुख्य कारण बन सकती है। ऐसे में खुद को केंद्रित रखते हुए केवल और केवल अपनी मेहनत को जारी रखें। हालांकि जनवरी के अंत से अप्रैल तक आपकी राशि से पंचम भाव में गुरु बृहस्पति की दृष्टि आपको शिक्षा के क्षेत्र में रुक-रुक कर ही सही लेकिन समय-समय पर अच्छे फल देती रहेगी। जिससे आप खुद को ऊर्जावान पाएंगे और आपको इस समय अपने किसी भी विषय को समझने में ज्यादा मुश्किल नहीं आएगी।

15 सितंबर से 20 नवंबर के दौरान बृहस्पति का गोचर एकादश भाव में होने और उसकी दृष्टि आपके पंचम भाव पर होने से आपको अपनी मेहनत का सबसे उत्तम फल मिलेगा, जिससे आप हर विषय में बेहतर करने में सफल होंगे। इस समय आपको ये बात सही से समझने की ज़रूरत होगी कि उम्मीद के अनुसार फल न भी मिलने पर आपको मेहनत और प्रयासों में कमी नहीं लानी होगी। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे हर विद्यार्थी के लिए ये साल बेहद सुखद रहेगा। विशेष रूप से आपके लिए अप्रैल से मई और अगस्त से सितंबर तक का समय अनुकूल रहने वाला है। इस दौरान आप हर प्रतियोगी परीक्षाओं में

बेहतर अंक के साथ सफल होंगे। उच्च शिक्षा और विदेश जाकर पढ़ाई करने का सोच रहे जातकों को भी शुभ समाचार मिल सकता है। संभव है कि शुरुआत में आपको थोड़ा विलंब हो लेकिन सफलता ज़रूर मिलेगी।

## पारिवारिक जीवन

पारिवारिक जीवन में अच्छे परिणाम मिलेंगे। शनि देव की दृष्टि आपके पारिवारिक जीवन के लिए इस वर्ष बेहद अनुकूल रहेगी। आप इस वर्ष अपनी किसी पैतृक संपत्ति के विक्रय से कुछ अच्छा लाभ अर्जित करेंगे। साथ ही किराए  की आमदनी भी मिलने से परिवार के सदस्य खुश नज़र आएँगे। भाई-बहन के लिए समय बेहद अच्छा दिखाई दे रहा है। वो उन्नति करेंगे और उन्हें यात्रा करने का अवसर भी प्राप्त होगा।

सितारों की चाल आपके पक्ष में होने से माता-पिता में से यदि किसी की सेहत खराब थी तो इस वर्ष उसमे सुधार आएगा और संभावना है कि उन्हें अपने किसी पुराने रोग से मुक्ति मिले जिससे आप भी काफी हद तक तनाव मुक्त महसूस करेंगे। ये पूरा ही वर्ष आपके पारिवारिक सुख के लिए बेहद उत्तम नज़र आ रहा है, लेकिन बावजूद इसके आपको वर्ष के मध्य में यानी अप्रैल और मई माह में थोड़ा अधिक ध्यान पूर्वक चलने की ज़रूरत होगी। क्योंकि इस समय आपका घर के किसी सदस्य स्वास्थ्य बिगड़ सकता है।

## वैवाहिक जीवन एवं संतान

आपके वैवाहिक जीवन में भी जीवनसाथी और आपके रिश्तों में नयापन आएगा। साथ ही रिश्ते में प्यार और अपनेपन की वृद्धि होने से आपकी मानसिक चिंता भी दूर होगी, जिससे वैवाहिक जीवन मधुर बनेगा। विशेष रूप से इस वर्ष के शुरुआती तीन महीने यानि जनवरी से मार्च का समय आपके लिए काफी बेहतर रहेगा। उसके अलावा अक्टूबर के अंत से नवंबर का मध्य भी पूर्व के अनुसार अनुकूल रहेगा। आपको अपने दांपत्य जीवन में सुख शांति दिखाई देगी। उससे आपके दांपत्य जीवन को सुखमय बनने में मदद मिलेगी। इसके अलावा 6 सितंबर से 22 अक्टूबर का समय थोड़ा तनावपूर्ण रहेगा। ऐसे में आपको इस दौरान विशेष ध्यान रखते हुए ही आगे बढ़ने की ज़रूरत होगी, अन्यथा आप दांपत्य जीवन में वाद-विवाद में फँस सकते हैं। जो जातक संतानहीन हैं उन्हें इस वर्ष शुभ समाचार प्राप्त होगा।

ग्रहों का गोचर अनुकूल होने से संतान के लिए समय बेहद अच्छा रहेगा क्योंकि इस वर्ष आपकी राशि से तीसरे भाव में राहु की उपस्थिति आपकी संतान पक्ष को हर क्षेत्र में सफलता दिलाने का कार्य करेगी। यदि आपकी संतान नौकरी पेशा है तो उनकी उन्नति होगी, वहीं यदि वो अभी पढ़ाई करती है तो उन्हें शिक्षा में अच्छे परिणाम मिलेंगे। हालांकि आपको और आपके जीवनसाथी को इस समय ये ध्यान रखने की ज़रूरत होगी कि किसी भी स्थिति में उनका ध्यान भ्रमित न हो सके।

## प्रेम जीवन

इस वर्ष भर शनि की दृष्टि आपकी राशि से पंचम भाव पर रहने से आपके प्रेम जीवन में कुछ समस्याएँ आएँगी। प्यार में लगातार आपको शुरुआत से उतार-चढ़ाव की स्थितियों से दो-चार होना पड़ेगा। हालांकि इसके बाद जनवरी अंत से अप्रैल तक का समय प्रेम के लिए थोड़ा बेहतर होगा। इस समय गुरु बृहस्पति की दृष्टि आपकी राशि पर होने के कारण प्रेमियों के प्रेम विवाह में बंधने के योग बनेंगे और कई जातकों को प्रेम विवाह में परिवार का सहयोग भी मिलेगा। हालांकि अंतिम भाग में मुख्य रूप से 15 सितंबर से 20 नवंबर के मध्य में आपके प्रेम में बढ़ोतरी होगी ।

इस वर्ष 2 जून से 20 जुलाई के मध्य के समय सावधानी बरतने की सलाह दे रहा है, अन्यथा आपके अड़ियल रवैये से प्रियतम संग लड़ाई-झगड़े की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। वर्ष का अंतिम माह यानि 5 दिसंबर से बाद का समय आपके प्रेम जीवन के लिए सबसे ज्यादा उत्तम समय रहने वाला है।